जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 24 मार्च, 2024

Hero

# समझौता नहीं, सिर्फ नई HF Deluxe

पेश है नई HF Deluxe - बेमिसाल माइलेज, बेजोड़ मज़बूती और बेहतरीन सुरक्षा के साथ




स्पेशल ऑफर

शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत

~~₹59893*~~

₹56793*

कैश डिस्काउंट ₹3,100*

माइलेज का हीरो

| EMI ₹2699^ से शुरू | कम डाउन पेमेंट ₹4999^ | आधार कार्ड पर^ लोन और कैश EMI | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक | India's First 5 Year Warranty# | 6000^^ km or Months Service interval | टोल फ्री 1800 266 0018 |
|---|---|---|---|---|---|---|

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˇStarting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर:** जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड़, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, **अधिकृत सर्विस प्वाइंट:** जयपुर: सुपर मोटर्स, 8824088678, मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, झोटवाड़ा: बीपीएस मोटर्स, 9314048181, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816.




छोटी-मोटी बात पर, मत करना तकरार
हंसी-ठिठोली से भरा, होली का त्योहार

होली आयी उड़े गुलाल, रंग हरा, पीला और लाल,
मस्ती सबके सिर पे छाई, रंग देंगे हम सबके गाल

नेताओं ने पी रखी, जाने कैसी भंग,
मुश्किल है पहचानना, सब चहरे बदरंग

नयन हमारे नम हुए, गांव आ गया याद
वो होली की मस्तियां, कीचड़ वाला नाद

# राष्ट्रदूत ने खोला हास्य व्यंग्य की खुशियों का पिटारा

होली सिर्फ रंगों का ही त्योहार नहीं है, बल्कि यह साथ मिलकर हंसने-हंसाने, गुदगुदाने और खुशियां मनाने का भी त्योहार है। होली भारतीय संस्कृति का पवित्र त्योहार है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह रंगोत्सव हर्षोल्लास की अभिव्यक्ति करने वाला हास-परिहास का पर्व है। फाल्गुन माह में मनाए जाने के कारण इसे फाल्गुनी भी कहते हैं। इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से आल्हादित हो जाते हैं। खेतों में गेहूँ की बालियाँ इठलाने लगती हैं। किसानों का ह्रदय खुशी से नाच उठता है। बच्चे-बुजुर्ग सभी सब कुछ संकोच और रूढ़ियाँ भूलकर ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूब जाते हैं। उत्साह और उमंग से भरा ये त्योहार एक दूसरे के प्रति प्रेम, भ्रातत्व स्नेह और निकटता लाता है। इसमें लोग आपस में मिलते है, गले लगते है और एक दूसरे को रंग और अबीर लगाते है। इस दौरान सभी मिलकर ढोलक, हारमोनियम तथा करताल की धुन पर धार्मिक और फागुन गीत गाते है। होली के साथ हास परिहास अनिवार्य रूप से जुड़ा हुआ है। जीवन में हास परिहास न होतो जिंदगी नीरस और बोझिल बन जाती है। होली का ख्याल आते ही हमारे मन मस्तिष्क में व्यंग्य-विनोद, हर्ष-उल्लास, प्रसन्नता, स्वतंत्रता, हंसी-ठिठोली, राग-रंग, आमोद-प्रमोद की सुंदर, सरस, सद्भाव-सौहार्द,समरसता एवं सुमधुर छवि साकार हो उठती है। तन मन खिल उठता है। होली हास्य-व्यंग्य और मटरगस्ती का महोत्सव भी है। होली समाज में व्याप्त जड़ता और ठहराव को तोड़ने का त्योहार है। मनुष्य को गतिमान करने के लिए राग और रंग जरूरी है। रंगों के त्योहार होली पर हास्य व्यंग्य का तड़का लग जाये तो यकीनन मज़ा दुगुना हो जाता है। होली में राग, रंग, हंसी, ठिठोली, लय, चुहल, आनंद और मस्ती है। इस त्योहार से सामाजिक जड़ताएं टूटती हैं, वर्जनाओं से मुक्ति का अहसास होता है, जहां न कोई बड़ा है, न छोटा, न अमीर है न गरीब। इस पर्व में व्यक्ति और समाज राग और द्वेष भुलाकर एकाकार होते हैं। होली हास्य-व्यंग्य का त्योहार है। होली और हुड़दंग में चोली-दामन का साथ है। यदि हुडदंग न हो तो मजा ही नहीं आता। इसी से तो हंसी ठहाके का माहौल लगता है। लोग एक दूसरे पर रंगों के साथ- साथ व्यंग्य के छींटे डालते हैं। वर्ष भर से मन के भीतर का गुबार और भड़ास बाहर निकालते हैं। काटों में शरारत, फूलों पर खुमार, रंगपर्व ले आया मौसम का उपहार। इसलिए होली के हुड़दंग में, उल्लास में उमंग में, मन की तरंग में, हंसी-खुशी के रंग में भीगने को हो जाइए तैयार। होली सिर्फ उच्छृंखलता का उत्सव नहीं है. वह व्यक्ति और समाज को साधने और जोड़ने की भी शिक्षा देता है। यह सामाजिक विषमताओं को दूर करने का भी त्योहार है। आज भी होली आने पर पुरानी यादें ताज़ा हो जाती हैं। मटरगस्ती का त्योहार है होली। चारो तरफ होली का खुमार छाया हुआ है। रंग बिरंगे रंगों से वातावरण सराबोर है। रंगों के इस त्योहार का एक रंग हास्य और व्यंग्य भी है। इसके बिना होली अधूरी सी लगती है। होली पर किसी को कुछ भी कहने की छूट रहती है। रंग न हो तो गोबर कीचड़ तक उछाला जाता है। सब कुछ किया जाता है सिर्फ एक बात के साथ- बुरा न मानो होली है। देश के सबसे बड़े त्योहार होली पर राग रंगों की बौछार के साथ हास्य व्यंग्य के शब्द बाण भी छोड़े जाते हैं। होली की उपाधियों का अपना एक अलग आनंद है। राष्ट्रदूत की होली पर उपाधियों की अपनी पुरानी परम्परा है। उपाधि देने का मकसद उसके स्वभाव पर चुटीले व्यंग्य कसकर उसे सतर्क और सजग करना होता है न कि किसी को पीड़ा पहुँचाना। वह भी एक जमाना था जब पत्र पत्रिकाओं में होली पर जाने माने लोगों को व्यंग्य भरी उपाधियां बांटी जाती थीं । लोग हाथ से लिख कर या छपवाकर उपाधियों के परचे बांटते थे। सवेरे जाग होने पर बड़ा हंगामा होता था। पाठक होली का बेसब्री से इंतजार करते थे ताकि अपने मनपसंद व्यक्ति की उपाधि चाव के साथ देख सके। इस व्यावसायिक दौर में अख़बारों में उपाधियों के पृष्ठ गायब हो गए। राष्ट्रदूत आज भी अपनी इस परम्परा का हंसी खुशी से निर्वहन कर रहा है। होली मौजमस्ती का बांका त्योंहार है। इसे बावला त्योंहार भी कहा जाता है। इन उपाधियों को सहज ढंग से स्वीकार करना चाहिए और फिर अगली होली का इंतजार करना चाहिए। आशा है सदा की तरह हास्य व्यंग्य से ओतप्रोत चुटीली उपाधियों को ग्रहण कर स्वयं को सम्मानित महसूस करेंगे। आप सभी को होली की शुभकामनाएं।





**24 मार्च**
**होलिका दहन मुहूर्त**
रात्रि 11 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 33 मिनट
भद्रा पूंछ : शाम 6.33 से शाम 7.53 बजे
भद्रा मुख : शाम 7.53 से रात 10.06 बजे

**25 मार्च :**
**रंगवाली होली**
पूर्णिमा तिथि आरंभ : सुबह 9.54 (24 मार्च)
पूर्णिमा तिथि समाप्त : दोपहर 12.29 (25 मार्च)

**होली के पावन पर्व पर आप सभी को राष्ट्रदूत परिवार की ओर से बहुत-बहुत रंगों भरी, उमंगों भरी शुभकामनाएं**

**बाल मुकुंद ओझा**
होली परिशिष्ट के अतिथि
संपादक वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

## सियासत के सूरमा

| | |
|---|---|
| जगदीप धनखड़ | – संकट मोचक |
| ओम बिरला | – माहिर खिलाड़ी |
| गुलाबचंद कटारिया | – धर्मक्षेत्रे-कुरुक्षेत्रे |
| कलराज श्रिम | – वटवृक्ष की शीतल छांव |
| भजनलाल | – मोदी का लाडला/भाग्यशाली |
| वासुदेव देवनानी | – माननीय |
| अरुण सिंह | – स्टेट्समैन |
| डॉ. विनय सहस्त्रबुधे | – थिंक टैंक |
| विजया राहटकर | – ताई का तमगा |
| सीपी जोशी | – बिल्ली के भाग का छींका टूटा |
| वसुंधरा राजे | – बड़ा सपना टूट गया |
| राजेंद्र राठौड़ | – आखिरी जंग |
| सतीश पूनियां | – लड़ता रहा हूँ, लड़ाता रहूँगा |
| घनश्याम तिवाड़ी | – लौटकर तो आ गया हूँ |
| रामचरण बोहरा | – मुझको मुझी से मिला दो |
| नारायण पंचारिया | – सादगी की प्रतिमूर्ति |
| बाबा बालकनाथ | – सपने रहे अधूरे |
| चुन्नीलाल गरासिया | – कभी खुशी कभी गम |
| मुकेश दाधीच | – बगल से निकला जादू |
| अजयपाल सिंह | – नया नौ दिन, पुराना सौ दिन |
| प्रभुलाल सैनी | – गुट से गुट तक निरपराधी |
| सीआर चौधरी | – पुराना चावल |
| मोतीलाल मीणा | – छुपे रुस्तम |
| ज्योति मिर्धा | – विफल शक्ति वाहक |
| जितेंद्र गोठवाल | – हंसता हुआ परिंदा |
| संतोष अहलावत | – भाग्य का संतोष है |
| ओमप्रकाश भड़ाना | – अब मैं बड़ा हो गया |
| दिया कुमारी | – राजकुमारी का जलवा |
| प्रेमचंद बैरवा | – जिसका सपना टूटा नहीं |
| किरोड़ी लाल मीणा | – बूढ़ा हुआ शिकारी बाज |
| गजेंद्र सिंह खींवसर | – अवसर का राजा |
| मदन दिलावर | – खून अभी गरम है |
| कन्हैयालाल चौधरी | – राजनीतिक ठेकेदारी |
| जोगाराम पटेल | – कानूनी परिवारवाद |
| सुरेश सिंह रावत | – सादगी का संगठनवासी |
| अविनाश गहलोत | – मैं नया गहलोत हूं |
| सुमित गोदारा | – मुझसे बड़ा कोई नहीं |
| जोराराम कुमावत | – मैं भी मंत्री हूं |
| बाबूलाल खराड़ी | – ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर |
| हेमंत मीणा | – सरलता में भी संविधान |
| संजय शर्मा | – बड़े मन का छोटा नाम |
| गौतम कुमार | – बणिया किसी से कम नहीं होता |
| झाबर सिंह खर्रा | – खुर्राट बनी रहेगी |
| हीरालाल नागर | – बिजली सा करंट दौड़े |
| ओटाराम देवासी | – अध्यात्म में बड़ी ताकत होती है |
| डॉ. मंजू बाघमार | – पढ़ी-लिखी मंत्री |
| विजय सिंह चौधरी | – मारवाड़ का नया किला |
| कृष्ण कुमार के.के. बिश्नोई | – सबको साथ ले लूंगा |
| जवाहर सिंह बेढम | – हर गुट निगुर्टधारी |
| आनन्द शर्मा | – काम ही काम |

## कांग्रेस

| | |
|---|---|
| सचिन पायलट | – ऊंची उड़ान की तैयारी.. |
| गोविंद सिंह डोटासरा | – फूफा जी का फटकारा |
| हरीश चौधरी | – सरहद की सियासत का मास्टर |
| डॉ. सीपी जोशी | – एक तो करेला दूजा नीम चढ़ा |
| अशोक गहलोत | – घर का जोगी जोगना आन गांव का सिद्ध... |
| विश्वेंद्र सिंह | – कहां राजा भोज |
| भंवर जितेंद्र सिंह | – फूल बाग की कांग्रेस |
| टीकाराम जूली | – मन चंगा तो कठौती में गंगा |
| डॉ बी डी कल्ला | – घर की मुर्गी दाल बराबर |
| हरीश मीणा | – आम के आम गुठलियों के दाम |
| प्रमोद जैन भाया | – जितना अच्छा, उतना मीठा |
| शांति धारीवाल | – डूबते को तिनके का सहारा |
| डॉ रघु शर्मा | – थोथा चना बाजे घणा |
| डॉ. महेश जोशी | – ना घर का ना घाट का |
| प्रताप सिंह खाचरियावास | – लगा तो तीर नहीं तो तुक्का |
| आर आर तिवाड़ी | – खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे |
| इंद्राज गुर्जर | – कंगाली में आटा गीला |
| बृजेंद्र ओला | – अंधा क्या चाहे दो आंखें |
| गोविंद मेघवाल | – कागा चले हंस की चाल |
| संयम लोढ़ा | – जिस थाली में खाना उसी में छेद करना |
| महादेव सिंह खंडेला | – खाली दिमाग शैतान का घर |
| कर्नल सोनाराम | – आडू चल्या हाट ना ताकड़ी ना बात |
| हेमाराम चौधरी | – अपनी पगड़ी अपने हाथ |
| धीरज गुर्जर | – इतनी सी जान, गज भर की जुबान |
| रामलाल जाट | – उतर गई लोई तो क्या करेगा कोई |
| परसादी लाल मीणा | – काठ की हांडी, बार-बार नहीं चढ़ती |
| वैभव गहलोत | – गीदड़ की शामत, शहर की तरफ दौड़ |
| बाबूलाल नागर | – चांद पर थूका मुंह पर गिरा |
| ममता भूपेश | – मावसी की म्याऊं म्याऊ |

## शासन के तीरदांज

| | |
|---|---|
| सुधांश पंत | – डंडा चल रहा है |
| डॉ. सुबोध अग्रवाल | – हमारे भी दिन फिरेंगे |
| शुभ्रा सिंह | – ज्यों ज्यों दवा की, मर्ज बढ़ता गया |
| अभय कुमार | – कोउ नृप होई हमें का हानि |
| अखिल अरोडा | – मुद्दई लाख बुरा चाहे तो क्या होता है |
| आलोक | – उर्जा में करंटे |
| अपर्णा अरोड़ा | – जंगल की शेरनी |
| शिखर अग्रवाल | – सत्ता मं अब सन्ता के शिखर पर |
| संदीप वर्मा | – अपनी ढपली अपना राग |
| कुलदीप रांका | – काम से काम, जय सिया राम |
| श्रेया गुहा | – टारगेट बाकी |
| आनन्द कुमार | – इधर कुआं उधर खाई तैयार |
| प्रवीण गुप्त | – अब हमारी बारी |
| भास्कर आत्माराम सांवत | – खाद्य आपूर्ति |
| अश्वनी भगत | – दिन अभी नहीं बदले |
| कुंजी लाल मीणा | – समय समय की बात |
| अजिताभ शर्मा | – इंतजार का मीठा फल |
| आलोक गुप्ता | – भद्र पुरुष |
| दिनेश कुमार | – इंतजार जारी है |
| हेमंत गेरा | – अदला-बदली में अटके |
| नवीन महाजन | – कद्र ना जाने कोई |
| गायत्री राठौड़ | – अभी तो सैर सपाटा जारी |
| वैभव गलारिया | – खेती-बाडी |
| टी रविकांत | – शहरी विकास |
| सुबीर कुमार | – उच्च शिक्षा |
| भवानी सिंह देथा | – खेल कूद |
| विकास सीताराम भाले | – ना तीन में ना तेरह में |
| मंजू राजपाल | – छींका टूटा |
| नवीन जैन | – गुरुजी पड़ गए भारी |
| डॉ. कृष्णकांत पाठक | – पढ़े फारसी बेचे तेल |
| डॉ. पृथ्वीराज | – आधा अधूरा ईलाज |
| कृष्ण कुणाल | – वनवास से वापसी |
| भानू प्रकाश एटरु | – करंट में |
| रवि जैन | – पंचायती अभी बाकी है |
| डॉ. समित शर्मा | – काजल की कोठरी |
| आशुतोष पेडनेकर | – बर्फ में |
| रवि कुमार सुरपुर | – टारगेट सिर पर |
| आरुषी मलिक | – बैठे से बेगार भली |
| डॉ. जोगा राम | – आदिवासियों के बीच |
| पूरण चंद | – कौशल विकास |
| पी रमेश | – छुक छुक गाड़ी |
| पूनम | – मास्टरनी |
| गौरव गोयल | – काम ना आया कोई |
| आरती डोगरा | – अब तकनीक का सहारा |
| वी सरवण | – चलते रहो |
| सुधीर कुमार | – प्रोटोकाल जिन्दाबाद |
| नरेश कुमार | – खाता-बही बरकरार |
| आनन्दी | – खदान में गोल्ड मेडल |
| शुचि त्यागी | – जय सहकार |
| निर्मला मीणा | – बाल विकास |
| राजन विशाल | – मेरा क्या कसूर |
| अर्चना सिंह | – एक सबके लिए सब एक के लिए |
| मोहन लाल यादव | – महिला बाल विकास की पंचायती |
| महेन्द्र सोनी | – मास्टर जी |
| विजय पाल सिंह | – फिट एण्ड फाइन |
| सुषमा अरोडा | – डेयरी जिंदाबाद |
| रश्मि गुप्ता | – कानून थी जकड़ में |
| कुमार पाल गौतम | – रोजगार की तलाश |
| शैली किशनानी | – जय सिया राम |
| चित्रा गुप्ता | – बच्चों को पढ़ाओं |
| घणेन्द्र भान चतुर्वेदी | – समय की पाबंदी |
| करण सिंह | – चाइल्ड लेबर |
| विश्राम मीणा | – भूजल प्रबंधन |
| प्रकाश राजपुरोहित | – अपनी तो मौज बरकरार |
| जितेन्द्र कुमार सोनी | – सही जगह |
| इन्द्र जीत सिंह | – नए अवसर की तलाश जारी |
| नेहा गिरी | – दवाइयों का जिम्मा |
| विश्व मोहन शर्मा | – कुछ तो अच्छा करना होगा |
| ओम प्रकाश बुनकर | – पोषण में करो सुधार |
| कन्हैया लाल | – खेती-बाडी |
| हुदेश कुमार शर्मा | – अच्छे दिन अभी दूर |
| लक्ष्मण सिंह | – बागवानी |
| नलिनी कठोतिया | – ये भी अपने भाई है |
| मेघराज सिंह | – खग जाने खग की भाषा |
| अनुप्रेरणा कुतल | – कुछ करके दिखाओ |
| राजेन्द्र विजय | – मिलावट का बाजार |
| प्रकाश चंद शर्मा | – पारखी नजर |
| नकाते शिव प्रसाद | – ऊंची दुकान फीका पकवान |
| संदेश नायक | – कद्र की पहचान |
| शिवांगी सावरकर | – गाड़ी चल रही है |
| अनुपमा जोरवाल | – अवसर के बीच |
| एच गुट्टी | – चर्चाओं के बीच |
| हरी मोहन मीणा | – अभाव अभियोग |
| नरेन्द्र गुप्ता | – हिसाब किताब |
| अनिल कुमार | – जांच करूंगा |
| रूक्मणी रियार | – ना दिन का चैन ना रात का चैन |
| सिद्धार्थ सिहाग | – बडे दरबार में |
| हिमांशु गुप्ता | – इंवेस्टमेंट |
| अविचल चतुर्वेदी | – ककहरा |
| टीकम चंद | – सरकारी खाता बही |
| नथ मल डिडेल | – फिट नहीं हुआ |
| महावरी प्रसाद | – जमीनी हिसाब |
| रामावतार मीणा | – सुचारू व्यवस्था करो |
| डॉ. रश्मि | – पर्यटन पर |
| इकबाल खान | – गुपचुप |
| डॉ. मनीषा अरोडा | – बेपटरी को पटरी में लाने की कसरत |
| सुनील शर्मा | – कमजोर पब्लिक रिलेशन |
| पुखराज सेन | – सिर मुंडाते ही ओले गिरे |
| मुकुल शर्मा | – उद्योग जिंदाबाद |
| सुरेश कुमार ओला | – तकदीर का खेल |
| प्रियंका गोस्वामी | – चिंरजीवी मुख्यमंत्री आयुष्मान का चक्रव्यूह |
| जगजीत सिंह मोंगा | – चलती का नाम गाड़ी |
| डा अरूण गर्ग | – हाजमा खराब |
| राजेन्द्र कुमार वर्मा | – जल बिन मछली |
| अल्पा चौधरी | – छोटी बड़ी मछलियों के बीच |
| संचिता विश्नोई | – फेयर इलेक्शन |
| हर्ष सावनसुखा | – खुद भला तो जग भला |
| बाबू लाल गोयल | – सारे जहां से अच्छा |
| नारायण सिंह | – जतन करों |
| किशोर कुमार | – आने जाने का इन्तजाम |
| बचनेश अग्रवाल | – पानी के दल दल में |
| सौरभ स्वामी | – काला पानी की... |
| डॉ. घनश्याम | – गुमनामी में |
| डॉ. ओम प्रकाश बैरवा | – जां ही जां |
| डॉ. महेन्द्र खडगावत | – भला करो |
| अभिषेक सुराना | – व्यवस्था चाक चौबन्द |
| अपणा गुप्ता | – हम किसी से कम नहीं |
| डॉ. शिल्पा सिंह | – काम करके दिखाओ |
| मुहम्मद जुनेद | – खर्चे का हिसाब किताब |
| मयंक मनीष | – क्या कहे |
| कनिष्क कटारिया | – अब कोई डर नहीं |
| गिरधर | – करन्ट की तलाश |

## खाकी

| | |
|---|---|
| यू.आर. साहू | – मौके पर चौका |
| राजीव शर्मा | – घूसखोरी |
| भूपेन्द्र दक | – जेल की सलाख |
| जंगा श्रीनिवास राव | – ठंडा बस्ता |
| रवि प्रकाश मेहरड़ा | – साइबर ठगी |
| संजय अठावाल | – जग्गा जासूस |
| सुनील दत्त | – कायदा-कानून |
| वी.के. सिंह | – पेपर लीक |
| हेमंद प्रियदर्शी | – ऊंचा कद |
| आनंद श्रीवास्तव | – हल्के तेवर |
| अशोक राठौड़ | – पुरानी वाली एसओजी |
| सचिन मित्तल | – भर्त्ती बोर्ड |
| दिनेश एम.एन. | – एंटी गैंगस्टर |
| विशाल बंसल | – नफरी |
| हवा सिंह घुमरिया | – लालबत्ती |
| एस. सेंगाथिर- ठंड़ा | – ठंडा कूल-कूल |
| उमेश चंद्र दत्ता | – गांव का दरोगा |
| बीजू जार्ज जोसफ | – बड़ा साहब |
| कैलाश विश्नोई | – चोरी-चकारी |
| कुंवर राष्ट्रदीप | – ताम-झाम |
| प्रीति चंद्रा | – चालान काटो |
| कवेन्द्र सागर | – नई जिम्मेदारी |
| अमित कुमार | – नया खिलाड़ी |
| राशि डोगरा डूडी | – जनसुनवाई |
| दिगंत आनंद | – लम्बी जड़ |
| राजेन्द्र सिंह सिसोदिया | – राहत बचाव |

## चीरफाड़

| | |
|---|---|
| डॉ. राजीव बगरहट्टा | – दिल का छल्ला |
| डॉ. अचल शर्मा | – सबका इलाज |
| डॉ. सुधीर भंडारी | – मीठी बीमारी |
| डॉ. शशि मोहन | – दिल का कारीगर |
| डॉ. संदीप जसूजा | – लाइलाज बीमारी |
| डॉ. रमन शर्मा | – खांसी-जुकाम |
| डॉ. दिनेश गौतम | – वीआईपी इलाज |
| डॉ. महेन्द्र कुमार | – फेफड़े की सफाई |
| डॉ. रश्मि कटारिया | – ब्रेन हेमरेज |
| डॉ. संदीप निझावन | – पेट में गैस |
| डॉ. विनय मल्होत्रा | – पथरी का दर्द |
| डॉ. प्रदीप शर्मा | – बच गए साहब |
| डॉ. विनय तोमर | – किडनी फेल |
| डॉ. जीवन कांकरिया | – चीरा लगाओ |
| डॉ. मोहिनीश ग्रोवर | – कान का पर्दा |
| डॉ. अशोक गुप्ता | – पुराना हकीम |
| डॉ. डी. एस. मीणा | – घुटनों का दर्द |
| डॉ. गोवर्धन मीणा | – कुत्ते का काटा |
| डॉ. राकेश जैन | – चमड़ी चमकाओ |
| डॉ. कैलाश मीणा | – बच्चों की बीमारी |
| डॉ. भावना शर्मा | – सिर दर्द |
| डॉ. जगदीश मोदी | – हड्डी जोड़ |
| डॉ. अंजनी शर्मा | – नाड़ी तंत्र |
| डॉ. संजय जैन | – पागलखाना |
| डॉ. अजीत सिंह | – सांस की बीमारी |
| डॉ. आशा वर्मा | – लेबर पेन |
| डॉ. कुसुम लता | – जच्चा वार्ड |

## बुलडोजर

| | |
|---|---|
| मंजू राजपाल | – झटपट एक्शन |
| हेम पुष्पा शर्मा | – कागजी मुहर |
| डॉ. प्रिया बलराम शर्मा | – मुख्यालय का राज |
| महेन्द्र कुमार शर्मा | – बुलडोजर बाबा |
| देवेन्द्र गुप्ता | – उस्ताद इंजीनियर |
| ओंकारमल राजोतिया | – खजाने की पोटली |
| अजय गर्ग | – राम-राम जपना... |
| रामप्रसाद रैगर | – मीठी छुरी |
| नवल किशोर मीणा | – यह कुर्सी सबसे भली |
| अशोक कुमार | – लोमोड़ रिकॉर्डधारी मास्टर |
| सुनील शर्मा | – सिस्टम का तालमेल |
| मनोज कुमार दुबे | – सारे खेल निराले |
| हेमेन्द्र शर्मा | – मेहनत का फल |
| विनोद कृष्णया | – काम भला तो सब भला |
| विवेक शर्मा | – गुड़ की डली |
| तरुण सिंघल | – बुरे फंसे |
| सुरेन्द्र पंवार | – अपनी तो बल्ले-बल्ले |
| अब्दुल मजीद | – गुरू गुड़, चेला शक्कर |

## नरकासुर

| | |
|---|---|
| डॉ. सौम्या गुर्जर | – राजयोग वाली कुंडली |
| मुनेश गुर्जर | – जैसा राज, वैसा काज |
| पुनीत कर्णावट | – सत्ताधारी विपक्ष |
| असलम फारूकी | – आका की मेहरबानी |
| कुसुम यादव | – कुर्सी की आस |
| दिव्या सिंह | – मोहमाया से दूर |
| शील धाबाई | – खाली खजाने की खजांची |
| सुखप्रीत बंसल | – लेडी सिंघम |
| मीनाक्षी शर्मा | – समाजसेवी |
| अभय पुरोहित | – अपना भी वक्त था |
| जितेंद्र श्रीमाली | – कानूनी सिपाही |
| दुर्गेश नंदिनी | – किसी की राई दुहाई में नहीं |
| राखी राठौड़ | – बगिया खूब संभाली |
| प्रवीण यादव | – यारों का यार |
| विनोद चौधरी | – गैराज का खेल |
| रमेश सैनी | – लाइसेंस का गणित |
| रश्मि सैनी | – पहुंच ऊपर तक |
| भारती लख्यानी | – हरफनमौला |
| शेर सिंह धाकड़ | – तांत्रिक |
| पारस जैन | – फायर बिग्रेड |
| करण शर्मा | – नेतागिरी का शौक |
| निशांत सुरोलिया | – भला मानस |
| मनोज मुद्गल | – हमें तो अपनों ने लूटा |
| सुमित मिश्रा | – धरातल पर काम किया |
| शक्ति सिंह मानपुरा | – वार्ड भला और हम |

## नरक निगम

| | |
|---|---|
| सुरेश कुमार ओला | – हर ताले की चाबी |
| सीमा कुमारी | – नई शुरुआत |
| रौनक बैरागी | – अपना ही बोलबाला |
| ओमप्रकाश शर्मा | – कानून की पोथी |
| पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ | – हथौड़े की ताकत |
| अजय कुमार शर्मा | – बुलडोजर पावर |
| जनार्दन शर्मा | – पुराना खिलाड़ी |
| नवीन भारद्वाज | – पावरफुल अफसर |
| ओम प्रकाश थानवी | – नया जोश, नई उमंग |
| रेखा मीणा | – कलम की धनी |
| अर्शदीप बराड़ | – काम से काम |
| कमलेश मीणा | – चर्चाओं से दूर |
| संदीप दाधीच | – अच्छी पोस्टिंग |
| संतलाल मक्कड़ | – हरफनमौला |
| सीता वर्मा | – काम में माहिर |
| अतुल शर्मा | – फेविकोल का जोड़ |
| बलराम मीणा | – गुरुजी के नक्शे कदम पर |
| कविता चौधरी | – किसी की परवाह नहीं |
| रविंद्र सिंह | – चाणक्य |
| सरोज ढाका | – सादगी की मूरत |
| सोहन सिंह नरूका | – कचरे में कहां फंस गया यार |
| युगांतर शर्मा | – जेहि विधि राखे राम |
| दलीप पूनिया | – किसी का झमेला नहीं |
| करतार सिंह | – बाबाजी की कृपा से |
| के.के.गुप्ता | – करंट का झटका |
| विजेंद्र सिंह पूनिया | – जे.सी.बी.का जोर |
| मोहन मीणा | – पुलिसिया डंडा |
| नितिन शर्मा | – पांचों उंगली घी में |
| नाहर सिंह | – खर्च के उस्ताद |
| महेश मिश्रा | – जोड़-बाकी, गुणा-भाग |
| दिनेश गुप्ता | – गलत बर्दाश्त नहीं |
| कमलेश जैमन | – कहां फंस गया |
| महेश कुमार शर्मा | – कुर्सी भली और हम |
| एन.के.अग्रवाल | – काम से पहचान |
| मनमोहन सिंह शेखावत | – कागजी गुरु |
| राजेश कुमार मीणा | – यारों के यार |
| प्रदीप पारीक | – मॉर्डन यमराज |
| मनोज गोस्वामी | – अपना भी कभी राज था |
| ओम प्रकाश काला | – आसमां से गिरे, खजूर में अटके |
| प्रदीप शर्मा | – व्यवहार कुशल |
| प्रमोद खींची | – मेरी अपनी दौड़ |
| रूपाराम | – अपनी तो बल्ले बल्ले |
| हिमांशु शर्मा | – गुरु गुड़, चेला शक्कर |
| पंकज मीणा | – वक्त का सिकंदर |
| देवेश शर्मा | – मन यहीं अटका मेरा |
| मोतीलाल वर्मा | – पुराना चावल |
| धर्मिता चौधरी | – अपना दौर भी कम नहीं |

## शब्दों के खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| राजेंद्र भाणावत | – साफ़ कहना सुखी रहना |
| राजेंद्र बोड़ा | – अनुभवों का पिटारा |
| दीप नारायण पाण्डेय | – बैक टू नेचर |
| पाना चंद जैन | – इंसाफ़ का तराजू |
| जे के गर्ग | – मैं लिखता ही तो रहता हूं दिन-रात |
| रामावतार शर्मा | – बेहतर दुनिया के तलबगार |
| दुर्गाप्रसाद अग्रवाल | – साहित्य शिरोमणि |
| नंद भारद्वाज | – प्यार बांटते चलो |
| हरि राम मीणा | – आदिवासी विमर्श |
| लोकेश कुमार साहिल | – मैं हर एक पल का शायर हूं |
| मनीषा कुलश्रेष्ठ | – कथा-कारीगर |
| हेतु भारद्वाज | – अभी तो मैं जवान हूं |
| गोविंद माथुर | – गए दिनों का सुराग़ लेकर |
| लक्ष्मी शर्मा | – रानियों को रुला दिया |
| फारूक़ आफ़रीदी | – जाने कहां गए वो दिन |
| यश गोयल | – खबरों में कहानियां |
| अनुराग वाजपेयी | – तीखी मार |
| वेद व्यास | – होता है शब-ओ-रोज़ तमाशा मेरे आगे |
| संपत सरल | – जबरा मारे और रोने भी न दे |
| सत्यनारायण | – धरती कहे पुकार के |
| एस भाग्यम शर्मा | – वणक्कम |

## कारोबारी डंक

| | |
|---|---|
| रोहिताश नोलखा | – स्वाद राजस्थान का |
| सौरभ | – कर्ज का व्यापार |
| रानू जिंदल | – विचारों-विचारों में विचार कर लेंगे |
| मनोज पाण्डेय | – फिर मिलेंगे चलते-चलते |
| कृष्ण यादव | – सुन्दरता में चार चांद |
| अंशुल भार्गव | – देखेंगे, सोचेंगे, देख लेना, सोच लेना |
| लवलीश जैन | – मंजिल की तरफ अग्रसर |
| पंकज जैन | – जाना अंजाना से एक नाम |
| मुकुल गोयल | – अच्छा है देखते है, हाथ में कुछ नहीं है |
| नरेश यादव | – फुल सपोटिंव |
| सुनील | – शांत जीवन सुखी जीवन कोई शोर शराबा नहीं चाहिए |
| राजेश सोनी | – जब तक बेस्ट नहीं तब तक रेस्ट नहीं |
| अनुराग शर्मा | – मैनेजमेन्ट मैनेजमेन्ट खेलते है पहले |
| प्रशांत गुप्ता | – मीठी जुबान |
| राजेंद्र शर्मा | – बदलाव की ओर बढते कदम |
| मेघा जैन | – समय का इन्तजार करो |
| आलोक श्रीवास्तव | – कॉल तो हम अपने बाप का नहीं उठाते आप कोन |
| अरुण आर्य | – शिक्षा सबका अधिकार |
| आशीष प्रधान | – ऊंची मीनारें |
| अजीत सांगवान | – हम किसी से कम है क्या |
| आशीष कुमार | – कभी तो कुछ अच्छा होगा |
| अतुल जैन | – होली दिवाली की राम राम |
| मनोज जैन | – नई सोच सिर्फ दिवाली पर |

( लगातार...... )

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Holi/Eid-I-Gulabi in the Mughal Empire**

*"Aaj hori re Mohan Hori, Kaal hamare aangan gaari dai aayo, so kori Ab ke duur baithe maiyya dhing, nikaso kunj bihari-Raskhanaa."*

**All About the Hindu Festival of Colours**

Holi Safety Rules You Should Not Ignore

# विपक्ष के सभी नेता चुनाव आयुक्त से मिले केजरीवाल की गिरफ्तारी के प्रति विरोध जताने के लिए

## एक संयुक्त रैली भी आयोजित की गई है 31 मार्च को, सैन्ट्रल एजेन्सियों के दुरुपयोग को लेकर

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री, अरविन्द केजरीवाल को गिरफ्तार करने से, इण्डिया ब्लॉक के उत्तेजित होने और उसमें एक नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीदे बहुत ज्यादा हैं। विपक्षी नेताओं ने, "केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग" के विरोध में, 31 मार्च को दिल्ली में एक संयुक्त रैली के आयोजन का निर्णय लिया है।

विपक्षी नेताओं ने, यद्यपि, एकमत से आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की है लेकिन, भाजपा के विरुद्ध लड़ाई में वे सहमत नहीं लगते हैं। केजरीवाल ने "आप" कार्यकर्ताओं को दिए संदेश, जैसा कि उनकी पत्नी ने पढ़ा, में कहा कि कार्यकर्ताओं को भाजपा से, उनकी गिरफ्तारी के कारण, नफरत नहीं करनी

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- **पर, अभी प्रश्न चिन्ह ही है इस बात पर कि, क्या विपक्ष इस अल्प समय में, जो उसे चुनाव पूर्व उपलब्ध है, इस मुद्दे पर, सशक्त आंदोलन "डैवलप" कर इण्डिया गठबंधन में पुनः जान फूंक सकेगा तथा जोश भर सकेगा।**
- **इसकी संभावना प्रबल नहीं लगती, क्योंकि विपक्ष अभी पूरी तरह संगठित नहीं है, भाजपा के खिलाफ लड़ाई को आगे ले जाने के लिये।**
- **इस संदर्भ में केजरीवाल के मैसेज को समझना चाहिए, जो उन्होंने जेल से भेजा कार्यकर्ताओं के लिये और जिसे उनकी पत्नी ने पढ़कर सुनाया।**
- **मैसेज के अनुसार, कार्यकर्ताओं को भाजपा से घृणा नहीं करनी चाहिये, वो भी अपने भाई-बहन ही हैं।**
- **इस मैसेज का यह मतलब निकाला जा रहा है कि, कांग्रेस ही श्रेय न ले ले, भाजपा के खिलाफ संघर्ष का।**
- **इस समय जबकि विपक्ष के सभी नेताओं, को भाजपा के खिलाफ लड़ाई करने के लिए संगठित हो जाना चाहिए और पार्टियों को अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं त्याग देनी चाहिए, पर ऐसा होता नहीं लग रहा, उदाहरणार्थ कांग्रेस नेता संजय निरूपम ने केजरीवाल पर आरोप लगाया कि, केजरीवाल पद से चिपके रहना चाहते हैं। निरूपम ने मांग की है कि, केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा दें।**

# 'मोदी ने दिल्ली की जनता के साथ विश्वासघात किया'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने ई.डी. की हिरासत में मौजूद आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख द्वारा लिखा गया एक संदेश पढ़ा। "एक्स" (पूर्व का ट्विटर) पर

- **दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने एक्स पर एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने पति का जेल से भेजा गया संदेश पढ़ा और केन्द्र सरकार की आलोचना की।**

डाले गए एक वीडियो मैसेज में दिल्ली के मुख्यमंत्री को उद्धृत करते हुए सुनीता ने कहा कि "मेरे प्यारे देशवासियों, मुझे गिरफ्तार कर लिया गया है। मैं जेल के अन्दर रहूं या ना रहूं, मैं देश की निरंतर सेवा करता रहूंगा। मेरा पूरा जीवन देश को समर्पित है। मैंने मेरे

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# हनुमान बेनीवाल नागौर से चुनाव लड़ेंगे

## देर रात को कांग्रेस ने बेनीवाल की पार्टी से चुनावी गठबंधन करने की घोषणा की

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। कांग्रेस नेतृत्व ने अशोक गहलोत के दबाव में आकर अन्ततः नागौर की सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आर.एल.पी.) और हनुमान बेनीवाल को दे दी जबकि कांग्रेस ने शनिवार देर रात तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। अनिल चोपड़ा, जयपुर ग्रामीण से एवं करौली-धोलपुर की आरक्षित सीट से भजनलाल जाटव चुनाव लड़ेंगे।

बेनीवाल से गठजोड़ स्पष्टतया यह दर्शाता है कि अशोक गहलोत अभी भी

- **राज्य के अधिकांश जाट नेताओं की नहीं चली, तथा अशोक गहलोत ने अन्ततोगत्वा, वासनिक व खड़गे पर दवाब बनाकर अपना मन माफिक निर्णय करा लिया।**
- **दो अन्य सीटों के बारे में देर रात निर्णय लेकर, कांग्रेस ने जयपुर रूरल सीट का टिकट अनिल चौपड़ा को तथा करौली-धौलपुर का टिकट भजनलाल जाटव को दिया।**

राजस्थान कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता इसके खिलाफ थे।

सूत्रों ने कहा कि, खड़गे और मुकुल वासनिक पर गहलोत लगातार दबाव बनाते रहे और उन्होंने काम कर दिया। अपना रास्ता बना लेने में समर्थ हैं, जैसा कि उन्होंने इस बार किया कि, बेनीवाल को पुनर्जीवन देने के लिए, अपना पूरा जोर लगा दिया। बेनीवाल को उन्होंने कई अवसरों पर कांग्रेसियों को हराने के लिए इस्तेमाल किया है।

# मु.मंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 23 मार्च (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी (24 व 25 मार्च) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। शर्मा ने कहा कि उमंग, उत्साह व रंगों का यह त्यौहार आपसी भाईचारे, प्रेम, सुख एवं समृद्धि का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर

- **मुख्यमंत्री 25 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आम जनता के साथ अपने ओ.टी.एस. स्थित आवास पर होली खेलेंगे।**

प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि वे सामाजिक बुराइयों एवं भेदभाव को मिटाने तथा समरसता बनाए रखने का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी लोगों से होली खेलने के दौरान प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने और पानी का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने का आग्रह भी

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# "आपकी टिप्पणी हमारे देश की न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप है'

## भारत ने जर्मनी के राजदूत को विदेश मंत्रालय बुलाकर भारी विरोध जताया

-डॉ.सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। आलोचना के प्रति अत्यधिक संवेदनशील, मोदी सरकार ने आज जर्मनी के मिशन के उपप्रमुख को तलब किया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर उनके विदेश मंत्रालय के द्वारा की गई टिप्पमी के विरुद्ध सख्त विरोध दर्ज कराया।

इस मामले पर विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि "जर्मनी के दूत जॉर्ज एन्ज़वीलर को अधिकारियों ने विदेश मंत्रालय बुलाया और उनसे कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन विदेश मंत्रालय की टिप्पणी आना एक प्रकार से भारत की न्यायिक प्रक्रिया में दखलंदाजी करना है तथा किसी भी प्रकार की "पक्षपातपूर्ण धारणाएं" उत्पन्न करना "अत्यन्त अनुचित" है।"

जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर संज्ञान लिया था।

इससे पूर्व जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि "हमने देखा है कि भारत एक प्रजातांत्रिक देश है। हम यह मानते एवं अपेक्षा करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता से संबंधित निर्धारित मानकों का पालन किया जाएगा तथा इस मामले में लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को भी लागू किया जाएगा। जिस प्रकार कोई भी सामान्य व्यक्ति आरोपों का सामना करता है, केजरीवाल भी निष्पक्ष व भेदभाव रहित ट्रायल के हकदार हैं इसमें यह भी सम्मिलित है कि केजरीवाल अपने लिए बगैर कोई प्रतिबंधों के उन सभी विधिक उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर सके जो उपलब्ध है। निर्दोषता का अनुमान कानून के शासन का एक मूल तत्व है और यह तत्व उन पर भी लागू होना चाहिए।"

- **जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की कि, जर्मनी आशा करता है, केजरीवाल की गिरफ्तारी के प्रकरण में पूर्ण न्यायिक प्रक्रिया की अनुपालना होगी और उन्हें अपना पक्ष रखने का पूर्ण अवसर मिलेगा।**

जर्मनी के विदेश मंत्री के यह कहने के कुछ ही घंटों बाद शिकायत आ गई थी कि उन्हें अपेक्षा है कि केजरीवाल का निष्पक्ष व पक्षपात रहित ट्रायल होगा, क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है।

इस मामले को गंभीरता से लिया गया और भारतीय विदेश मंत्रालय के

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# कांग्रेस से नेताओं के भाजपा में पलायन पर मोहर लगी हिमाचल में

## जैसा कि विदित है, कांग्रेस के छः विधायकों की क्रॉस वोटिंग के कारण विधानसभाध्यक्ष ने सदस्यता रद्द कर दी थी, तथा तीन अन्य निर्दलीयों ने भाजपा की सदस्यता अंगीकार की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों को एक समारोह में भाजपा में शामिल किया गया। यहां शनिवार को आयोजित समारोह में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित भाजपा के प्रमुख नेता शामिल हुए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर राज्यसभा चुनाव में क्रॉस-वोटिंग की थी। उसके बाद उन्हें सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया था। इन विधायकों के साथ तीन निर्दलीय विधायक भी भाजपा में शामिल हुए।

समारोह में हिमाचल के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल भी शामिल हुए। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के इन पूर्व विधायकों का भाजपा में स्वागत करते हुए राज्य में कांग्रेस की वर्तमान सरकार की आलोचना करते हुए उस पर चुनावी वादे पूरे करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

भाजपा खेमे में आए कांग्रेस के ये विधायक हैं- सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजिन्दर राणा, इन्दर दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देविन्दर कुमार भुट्टो। कांग्रेस टिकट पर चुनाव जीते इन विधायकों को पार्टी के दिशा-निर्देश ना मानने को लेकर गत 29 फरवरी को सदन की सदस्यता से डिस्क्वालिफाई कर दिया गया था।

इनके खिलाफ लगे पार्टी विरोधी कार्यों के आरोपों में हिमाचल प्रदेश विधानसभा में पेश किए गए एक निर्णायक प्रस्ताव के दौरान राज्य सरकार के पक्ष में वोट डालने के बजाए अनुपस्थित रहना शामिल है। इन्हीं को लेकर इन्हें कांग्रेस से निष्कासित किया गया था। भाजपा में शामिल होने वाले तीन निर्दलीय विधायक हैं- आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के.एल. ठाकुर।

### अवकाश की सूचना

होली पर्व के अवसर पर राष्ट्रदूत कार्यालय में दिनांक 24 एवं 25 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः दैनिक राष्ट्रदूत का अगला अंक 27 मार्च को प्रकाशित होगा।

-प्रबंध सम्पादक

# 'रंगों का त्योहार सबके जीवन में खुशहाली लाए'

जयपुर, 23 मार्च। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने कहा कि "सामाजिक समरसता, समन्वय, उत्साह, उमंग एवं उल्लास के महापर्व और रंगों का त्योहार होली सभी के जीवन में खुशहाली लाये।" उन्होंने कहा कि सभी का जीवन सुख, समृद्धि एवं आध्योत्मिकता के रंगो से भरा रहे।

- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेश की जनता को होली की शुभकामनाएं दीं।**

# 35 फार्मास्युटिकल कम्पनियों ने एक हजार करोड़ रू. बॉण्ड के रूप में राजनीतिक पार्टियों को दिये

## इन 35 कम्पनियों में से सात वो कम्पनियाँ हैं जिनके खिलाफ जाँच चल रही थी, घटिया स्तर की दवाएं बनाकर बाज़ार में बेचने के लिए

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। भारत की 35 दवा कम्पनियों ने इलैक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए करीब 1 हजार करोड़ रूपयों का अंशदान राजनीतिक पार्टियों को दिया है। चुनाव आयोग द्वारा 14 मार्च को जारी डेटा में यह जानकारी दी गई है।

इनमें से कम से कम सात कम्पनियों ने जब बॉण्ड्स खरीदे थे तब उनके दवाओं के संबंध में जाँच चल रही थी।

फार्मास्यूटिकल मैन्यूफैक्चर्स को ड्रग्स एण्ड कॉस्मैटिक एक्ट 1940 के तहत नियमित किया जाता है। यह एक्ट राज्य नियंत्रित फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन्स को दवा निर्माण इकाईयों के निरीक्षण के साथ ही बाज़ार में बेची जा रही दवाईयों की गुणवत्ता जांचने का अधिकार भी देता है।

- **उदाहरण के लिए, हेट्रो लैब्स व हेट्रो हैल्थ केयर को नोटिस मिले थे, घटिया किस्म की रेमडिसिविर दवाई बेचने के कारण। इस घटिया दवाई को बेच कर करोना काल में कम्पनी ने भारी कमाई की थी तथा नोटिस मिलने के बाद 39 करोड़ रूपये के इलैक्टोरल बॉण्ड खरीदे।**
- **इसी प्रकार गुजरात की कम्पनी टॉरैन्ट ने 77.5 करोड़ रूपए के चुनावी बॉण्ड खरीदे, उस समय कम्पनी की दवाई डीप्लैट-150 को घटिया करार दिया था, महाराष्ट्र के फूड एण्ड ड्रैग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा।**
- **जैसा कि, विदित ही है, केन्द्रीय सरकार का फूड एण्ड ड्रग्स एडमिन्ट्रेशन किसी ड्रग को घटिया तो करार कर सकता है, लेकिन, दोषी कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही केवल वह ही राज्य कर सकता है जहाँ फैक्ट्री स्थित है।**

किसी कंपनी की दवाईयां यदि क्वालिटी टैस्ट में फेल हो जाती हैं तो उस कंपनी किसी भी राज्य का फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन नोटिस जारी कर सकता है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग के निलम्बन अथवा मैन्युफैक्चरिंग लायसैंस को निरस्त किए जाने की दण्डात्मक कार्यवाही या तो केन्द्र सरकार द्वारा की जा सकती है या उस राज्य की सरकार द्वारा जहाँ उस कंपनी की फैक्ट्री हो।

इण्डियन जर्नल ऑफ मैडिकल एथिक्स के संपादक डॉ. अमर जेसानी ने कहा कि "यदि फार्मा कम्पनियां राज्य स्तर पर नियामक संबंधी किसी मुद्दे पर कोई समझौता करने के लिए राजनीतिक दलों को वित्तीय अंशदान दे तो उनमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

अन्य विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया कि दवा नियमनों से छूट प्रदान करवाने के अलावा ये फर्म्स सस्ती ज़मीन, टैक्स में छूट, अपने पक्ष की नीतियां या मूल्य सीमा हटाने के लिए भी ऐसा करती हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं कि दवा कम्पनियां राजनीतिक वित्त की एक बड़ी अंशदाता हैं।


ऑल इण्डिया ड्रग एक्शन नैटवर्क के एस. श्रीनिवासन ने कहा कि इन कम्पनियों राजनीतिक पार्टियों में हजारों करोड़ रूपए दिए हैं।

यहाँ उन सात कम्पनियों की लिस्ट है जिन्हें जिस वर्ष स्टेट फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन्स के नोटिस मिले, उन्होंने उसी वर्ष इलैक्टोरल बॉण्ड्स खरीदे।

हैटरो लैब्स तथा हेटरो हैल्थ केयर ने अप्रैल 2022 में 39 करोड़ रूपयों के इलैक्टोरल बॉण्ड्स खरीदे। उसके दस माह पूर्व महाराष्ट्र के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने हैदराबाद की इस कंपनी को घटिया दवाईयों को लेकर

( शेष पृष्ठ 4 पर )






## World Tuberculosis Day

*W*orld Tuberculosis Day focuses on a global challenge that affects millions every year. Celebrated on March 24, this day marks the anniversary of Dr. Robert Koch's ground-breaking 1882 discovery of the bacterium causing *tuberculosis* (TB). Think of it as a reminder that, despite advances in medicine, TB still poses a significant threat, especially in parts of the world with limited access to healthcare. The reasons behind *World Tuberculosis Day* are compelling and multifaceted. Primarily, it serves to educate the public on the devastating health, social, and economic effects that TB has on communities, worldwide.



#SKIN-CARE

# Holi Safety Rules You Should Not Ignore

Tips for a Safe and Enjoyable *Holi*





*Gunjiyas, pichkaris, gulal, thandai* and laughter. That's what Holi symbolizes for all of us but among all the swirls of colourful madness, it's vital to remember some basic safety rules. Brighter, toxic chemical colours and dyes are often used, and according to experts, these can cause severe skin infections, eye injuries and even hair loss. The use of synthetic colours during Holi often causes severe skin irritation, dermatitis, burning and redness that can be very distressing.

Chemical colours are also cheaper alternates to herbal pigments and many people tend to opt for them without realizing how toxic these can be.

Here are some *Holi* tips for a Safe and Enjoyable *Holi*!

### Protecting Your Nails

Protecting your nails is equally important as they bear the brunt of all the colour. To protect your nails from Holi colour, you must apply nail paint. Start by applying a top coat for added protection and to prevent staining nails.

### Protecting Your Hair

Generously apply oil on each strand before playing with colours to form a protective shield on your hair and prevent the colour from seeping into the scalp. Simply shampooing after your fun session is not enough to restore your crowning glory.

### Covering Maximum Skin

Cover as much of your skin as possible while playing *Holi*. Wear a scarf on your head to protect your hair. Wear full-sleeved clothing and long pants or a *salwar* so that your skin's least possible part is exposed.

### Protecting Your Teeth

During Holi, the chances of colour entering the mouth is high. This can affect the colour of your teeth. To be on the safer side, it's advisable to wear dental caps to protect your teeth from getting damaged, especially if you have veneers and caps. If nothing, just keep your mouth tightly shut whenever someone applies colour.

### Protecting Your Eyes

Keep your eyes closed whenever someone is applying colour, or better still, put on a pair of sunglasses. In case colour does enter your eye, resist the temptation to rub them and instead splash plain water immediately. Then, use a dropper to apply Rose water to your eyes and rest them. This will cool the irritation.

### Home Remedy To Remove Stubborn Holi Colour

A simple home remedy to fade stubborn colour is to make a mixture of Gram Flour, sweet Almond Oil and Milk Cream in Rose water. Apply the paste on areas where the colour is deepest. Let the paste dry on the skin and rub it gently to remove it.

### Moisturizing Skin Post Holi

When all the fun is over, use a good moisturizing face wash on your face. Holi colours can be very drying and using soap or harsh facewashes can irritate the skin further. Applying a good moisturizing cream after your bath will also help restore your skin's lipid balance and soothe irritated skin.

### Moisturizing Skin Pre Holi

You should apply mustard oil or moisturizer before stepping out to play Holi. This prevents the colour from sticking to skin and allows for easy removal. You can also apply a good sunscreen with at least SPF 30 all over your arms, legs and face to diminish the effect of colour on the body.




# Holi/ Eid-I-Gulabi in the Mughal Empire

"Their day is Holi, which in their belief, is the last day of the year. This day falls in the month of Asfandarmudh, when the sun is in Pisces. On the eve of this day, they light fires in all the lanes and streets. When it is daylight, they spray powder on each other's heads and faces for one watch and create an amazing uproar. After that, they wash themselves, put their clothes on, and go to gardens and fields. Since it is an established custom of the Hindus to burn their dead, the lighting of fires, on the last night of the year, is a metaphor for burning the old year as though it were a corpse."









Rana Safvi
*Writer, Blogger and Translator*

***"Hori khelungi, keh Bismillah.***
***Nam Nabi ki ratn chari,***
***Bund pari Allah Allah."***
***"I start playing Holi with a Bismillah.***
***Covered with the light of Prophet's name,***
***Showered by blessings of Allah."***

When I celebrate *Holi*, Muslims often tell me that the practice is '*haram*' (forbidden), because colour is prohibited in Islam. But the 18th-century Punjabi mystic *Bulleh Shah's* words above provide the perfect frame for the subcontinent's centuries-old syncretic culture, our *Ganga-Jamuni tehzeeb* that is under threat from fundamentalists of both religions.

As it turns out, Islam does not prohibit colour. It's just that when we perform our ablutions for *namaz*, water should touch the skin, so there should be no colour at that point. Wash the Holi colours away before praying, I tell the critics. It's simple. I do it.

### Tale of harmony

This fundamentalism is a recent phenomenon. In the past, the influence of the *Sufi* and *Bhakti* movements encouraged 'harmony' between the communities.

In *Alam Mein Intikhaab Dilli*, Maheshwar Dyal writes,

"Holi is an ancient *Hindustani festival* which is played by every man and woman, irrespective of religion and caste. After coming to India, the Muslims also played Holi with gusto, be it the *Badshah* or the *Faqeer*." *Basant Panchami* would signal the onset of the festivities and people would be carrying squirt guns with colours and smear *gulaal* (red powder) on each other's faces. Mustard flowers would be offered in temples and *abiir/gulaal* would be flying in the air.

Flowers from the *Tesu/ Palash/ Dhaak* plants (flame of the forest) would be immersed in earthen water pots. It is believed that Lord *Krishna* played Holi with *Radha*, using colours made from the red *Tesu* flower, which blooms during the spring season.

All colours used were natural and plant extracts. There were neither chemicals nor hooliganism.

Holi is one of the most delightful and colourful festivals of India. It is aimed at uniting people by forgetting their complaints and embracing one another.

### Early references

In the 13th century, *Amir Khusrau* (1253-1325) is said to have written many verses in celebration of Holi.

***"khelungi holi, Khaaja ghar aaye,***
***dhan dhan bhaag hamare sajni,***

> Flowers from the *Tesu/ Palash/ Dhaak* plants (flame of the forest) would be immersed in earthen water pots. It is believed that Lord *Krishna* played Holi with *Radha*, using colours made from the red *Tesu* flower, which blooms during the spring season. All colours used were natural and plant extracts. Holi is one of the most delightful and colourful festivals of India.

***Khaaja aaye aangan mere."***

***"I shall play Holi as Khaaja has come home, blessed is my fortune, O friend, as Khaaja has come to my courtyard."***

The Mughal Emperor, *Akbar*, encouraged syncretism and tolerance. During his reign, all festivals were celebrated with equal gusto and it was a practice that was followed by all his successors, barring Aurangzeb.



In the 16th century, *Ibrahim Raskhan* (1548-1603) wrote,

***"Aaj hori re Mohan Hori***
***Kaal hamare aangan gaari dai aayo, so kori***
***Ab ke duur baithe maiyya dhing, nikaso kunj bihari."***
***"It's Holi, Mohan, its Holi today***
***Who was it who came yesterday to our courtyard and swore at us***
***Now you hide behind your mother, far away, Oh come out Kunj Bihari."***

*In Tuzuk-e-Jahangir,* Jahangir (1569 -1627) writes,

"Their day is Holi, which, in their belief, is the last day of the year. This day falls in the month of *Asfandarmudh*, when the sun is in Pisces. On the eve of this day, they light fires in all the lanes and streets. When it is daylight, they spray powder on each other's heads and faces for one watch and create an amazing uproar. After that, they wash themselves, put their clothes on, and go to gardens and fields. Since it is an established custom of the Hindus to burn their dead, the lighting of fires, on the last night of the year, is a metaphor for burning the old year as though it were a corpse."

### Much fanfare

Holi would be celebrated on the same scale as *Eid* in the Red Fort or *Qila-e-Mualla* (Exalted Palace). It was called *Eid-e-Gulabi* or *Aab-e-Pashi* (Shower of Colourful Flowers), with everyone joining in.

There would be *melas* or fairs behind the Red Fort on the banks of the Yamuna. A huge crowd would gather from the fort till Raj Ghat. The *dhaf*, *jhanjaen*, *nafiri* (tambourine, cymbal and trumpet) would be played and nautch girls would dance. Groups of travelling musicians and artists would gather under the Red Fort and display their tricks and talents. The mimics would imitate the Emperor, prince and princesses too and nobody would take offence.

The queens, princesses and noble women would be sitting in their *jharokas* (overhanging enclosed balcony) and enjoying the entertainment. The Emperor would reward these artistes handsomely.

At night, there would be a grand celebration of Holi in the Red Fort, with singing and dancing throughout the night. Famous courtesans, from throughout the country, would come here. The most popular song would be *Bahadur Shah Zafar's Horiyan*. Bands of entertainers would go around Shahjahanabad, entertaining the aristocrats and the rich in their *Havelis*. There would be much good-natured leg-pulling with the slogan "*Bura Naa Mano, Holi Hai*!" "Don't take it the wrong way, it's Holi."

## #HORI-KE-RASIA



> There would be *melas* or fairs behind the Red Fort on the banks of the Yamuna. A huge crowd would gather from the fort till Raj Ghat. The *dhaf*, *jhanjaen*, *nafiri* (tambourine, cymbal and trumpet) would be played and nautch girls would dance. Groups of travelling musicians and artists would gather under the Red Fort.

Children would also go around entertaining elders with their acts. At night, there would be *mehfils* (soirees) in the walled city, with the aristocrats, traders and shopkeepers all enjoying themselves.

### Emperor joins in

*Bahadur Shah Zafar* (1775-1862) would join the celebration with great gusto and enthusiasm and mingle with his subjects. He wrote a song for the occasion.

***"Kyun mope maari rang ki pichkaari***
***dekh kunwarji du'ngi gaari."***
***(Why have you squirted me with colour?***
***O Kunwarji, I will swear at you)***
***"bhaaj saku'n main kaise moso bhaajo nahin jaat***
***thaa'ndi ab dekhu'n main baako kaun jo sun mukh aat."***
***(I can't run, I am unable to run,***
***I am now standing here and want to see who can drench me)***
***"Bahut dinan mein haath lage ho kaise jaane doon***
***Aaj main phagwa ta sau Kanha faita pakad kar loon."***
***(After many days have I caught you, how can I let you go***
***I will catch you by your cummerbund and play Holi with you)***
***"shokh rang aisi dheet langar sau khelay kaun ab hori***
***mukh meedai aur haath marore karke woh barjori."***
***(Who can play Holi with such a mischievous Kanha,***
***My face you have coloured and my wrist you have twisted in your playfulness.)***

*Jam-e-Jahanuma,* an Urdu newspaper, wrote in 1844 that during the days of the Mughal Emperor Bahadur Shah Zafar, special arrangements were made for Holi festivities, and goes on to describe the frolicking and exchange of colour, made from the *tesu* flowers.

*Nazeer Akbarabadi* (1735-1830) was the 'people's poet,' who wrote,

***"Jab Phagun Rang Jhamakte ho,***
***Tab dekh bahaare'n Holi ki***
***Jab Daf Ke Shor Khadke Hon***
***ab Dekh Baharein Holi Ki***
***Pariyon Ke Rang Damkte Hon***
***Tab Dekh Baharein Holi Ki."***
***"When the month of Phagun shines with colour***
***Then see the celebration of Holi."***

*Mehjoor Lakhnavi* (1798-1818), in his book *Nawab Sadat Ali Ki Majlis-e-Holi* talks of the sensuous aspect of Holi, with which many can associate today.

***"Gulzar Khile Hon Pariyon Ke***
***Aur Majlis Ki Tyari Ho***
***Kapdon Par Rang Ke Cheeton Se***
***Khushrang Ajab Gulkari Ho."***
***"Roses are blooming on fairies***
***Preparation is on for a soiree,***
***Clothes are smeared with colour***
***As bright as painted flowers."***

*Shah Niaz's* (1742-1834) *Holi song* has been made immortal by Sufi singer *Abida Parveen*.

***"Holi hoye rahi hai Ahmad Jiya ke dwaar***
***Hazrat Ali ka rang bano hai Hassan Hussain khilaar."***
***"Holi is being played at beloved Ahmad's doorsteps***
***Hazrat Ali has become the colour and Hasan and Husain are playing."***

### Lasting tradition

Royal patrons, who were mostly secular in those days like Ibrahim Adil Shah and Wajid Ali Shah used to distribute *mithai* (sweets) and *thandai* (a drink) to everyone in their kingdom. It was a common and beloved festival of all.

This is the *Ganga-Jamuni tehzeeb* that prevailed all over India, right till 19th century. It still does in most of India despite attempts to divide and rule.

The famous poet *Mir Taqi Mir* (1723-1810) wrote on Nawab Asaf-ud-Daula playing Holi:

***"Holi khela Asifuddaula Vazir***
***Rang sohbat se Ajab hain Khurd-o-Pir***
***Asidud daula plays Holi."***
***"Commoners and kings are happy after being drenched with colour."***

*Munshi Zakaullah* (a mid-19th century Delhi intellectual), in his book *Tarikh-e-Hindustani*, even questions the fact that Holi is a Hindu festival and describes the Holi festivities lasting for days during the Mughal rule. There were no restraints of caste, class or religion and even the poorest of the poor could throw colour on the Emperor.

I don't think there can be a better ending than *Gauhar Jaan* singing,

***"Mere Hazrat ne Madeene mein manaayi Holi."***

rajeshsharma1049@gmail.com



#INSIGHT

# All About the Hindu Festival of Colours

## Holi is also referred to as the '*Festival of Love*'

*Holi* is a holiday celebrated by millions of *Hindus* around the world. It falls on the *purnima*, or full-moon day of *Phalguna*, which is the last month of the Hindu lunar calendar (usually around February or March), and it is a joyous, vibrant celebration of colour. Though the holiday has been commercialized, it's actually rooted in a *sacred love story* between two deities, and it's one of the biggest festivals of the year. Here are a few things to know about the festival!



### Holi represents the 'triumph of good over evil'



According to the story of Holi, the evil king *Hiranyakashipu* thought himself to be a god, a being above any laws or moral code. He expected everyone else to regard him in the same way too. However, his five-year-old son *Prahlad* was a devout worshiper of *Vishnu*. Hiranyakashipu hated Vishnu, as he had killed his brother, *Hiranyaksha*. So, once Hiranyakashipu discovered that his son openly worshipped his brother's killer and he grew angry. He couldn't shake his son's devotion to Vishnu, so he decided to have the boy killed. After failing to do so himself, he called upon his sister, *Holika* (whose powers included being protected from *agni* (fire)) and asked her to take his son into the fire pit with her, where he would burn or so, Hiranyakashipu thought. Regardless, Prahlad entered the fire willingly. Vishnu, ever eager to protect his followers, prevented Prahlad from being hurt and reversed Holika's power so that she burned to ashes, instead.

This tale serves as a reminder of the innate power of good over evil and of that strength that resides in those who behave with good intentions, despite any hardships life throws their way.

### Holi celebrates the arrival of spring

Holi marks the arrival of spring and is an invocation for a flourishing harvest season, as Holi falls around the time when many people in India harvest wheat. On the night before Holi, it's tradition to roast *holuk*, a blend of gram, wheat, and other grains as thanks for a good harvest.

### Holi honours the love between Radha and Krishna

Another popular, and much more wholesome Holi origin story involves *Krishna* and his beloved *Radha*, the goddess of love and devotion. Krishna has blue skin and, one day, decided to ask his mother about it. She responded with a joke, saying that if he threw different colours on Radha's face, he could change her skin tone to whatever colour he wanted. So, he went around the village and smeared colour on Radha's face, so that the two looked alike. And of course, it worked. Now, the throwing of colours is a part of the holiday, representing the playful love and affection that *Radha* and *Krishna* once shared. In fact, Holi is sometimes referred to as the '*Festival of Love*.'



### What does each Holi colour mean?

**Red**

One of the most well-liked colours, *red* is worn on many significant occasions, such as the Holi celebration. Red is applied as a *tilak*, married ladies apply *kumkum*, and red-coloured clothing is worn because the colour red represents love, marriage, and fertility.

**Green**

It's referred to as the 'first hue of spring.' Holi signifies the start of the harvest season and the spring season. *Green* is, therefore, associated with fresh starts and is a significant colour during Holi festivities. As per the principles of colour psychology, the colour green is associated with tranquillity, nature, fresh starts, and new development.

**Yellow**

In the colour palette, *yellow* is considered the happiest and brightest colour. What makes it even more unique is that it is the colour of Lord *Vishnu*. Yellow is a symbol of vitality, joy, happiness and health.

**Orange**

*Orange*, often used during Holi celebrations, is another vibrant colour after yellow. Light and new beginnings are associated with this colour as it is believed to represent Lord *Sun*. Another meaning of this colour is to start over and be forgiven.


**Pink**

Although it has no religious significance, the colour *pink* is associated with charm and beauty. It is one of the most popular colours during the Holi festival. The soft pink colour represents beauty and faithfulness.

**Blue**

After red, *blue* is considered one of the most auspicious colours in Hinduism. Similar to the seemingly limitless vastness of the sea and sky, the blue skin of some of Hinduism's most powerful gods and goddesses symbolises the boundless and the impossible. Intuition, introspection, calm and clarity are all represented by the colour blue in colour psychology.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman





बल्लेबाज क्रिस गेल का कहना है कि महान एमएस धोनी आईपीएल 2024 के सभी मैच में नहीं खेलेंगे। यूनिवर्स बॉस ने कहा कि धोनी टूर्नामेंट के बीच में ही ब्रेक लेंगे और उन्होंने सीजन की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंपी है।

बल्लेबाज क्रिस गेल ने एमएस धोनी के संबंध में कहा...

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶

## अभिषेक पोरेल



एक समय दिल्ली कैपिटल्स का स्कोर 7 विकेट के नुकसान पर 137 रन था। अक्षर पटेल आउट होकर पवेलियन लौटे थे और 13 गेंद बाकी थी। इसी स्कोर पर बंगाल के युवा विकेटकीपर अभिषेक पोरेल को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतारा गया था और अपनी तीसरी ही गेंद पर उन्होंने चौका जड अपने इरादे जता दिए थे। इसके अगले ओवर में सुमित कुमार भी आउट हो गए। लेकिन पोरेल, कुछ और ही इरादा करके बैठे थे। 19वें ओवर के बाद दिल्ली कैपिटल्स का स्कोर 8 विकेट पर 149 रन था। ऐसा लग रहा था कि दिल्ली की टीम 160 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाएगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** ब्रिटिश साम्राज्य के समय इस खेल की शुरुआत भारतीय आर्मी में हुई थी, धीरे-धीरे इस खेल ने आम लोगों को भी अपना दीवाना बना लिया, और भारत ने एक नहीं बल्कि दो बार स्वर्ण पदकों की हैट्रिक जीती है।

# पंजाब ने दिल्ली को चार विकेट से मात दी

## सैम करन ने खेली अर्धशतकीय पारी



**चंडीगढ़।** चंडीगढ के महाराजा यादविंदर सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के दूसरे मुकाबले में पंजाब ने दिल्ली को मात दे दी। इस मैच को शिखर धवन की कप्तानी में पंजाब किंग्स ने 4 विकेट से अपने नाम किया। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 174 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स ने सैम करनके अर्धशतक की बदौलत 4 गेंद शेष रहते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

बता दें कि, दिल्ली कैपिटल्स के लिए पारी की शुरुआत डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने की। दोनों के बीच पहले विकेट केलिए 39 रन की बेहतरीन साझेदारी हुई। मार्श 12 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुए। डेविड वॉर्नर ने 21 गेंद में 29 रन बनाए। शाई होप ने 25 में 33 रन का योगदान दिया। ऋषभ पंत ने 13 गेंद में 18 रन की पारी खेली। रिकी भुई ने तीन रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स (5) बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। अक्षर पटेल ने 13 गेंद में 21 रन पर रन आउट हुए। अभिषेक पोरेल ने 10 गेंद में 32 रन बनाए। अर्शदीप और हर्षल ने 2-2 विकेट झटके।

## ऋषभ पंत ने क्रिकेट मैदान पर की वापसी

### लंबी पारी खेलने में रहे असफल

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2024 का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत की 453 दिन बाद क्रिकेट ग्राउंड पर वापसी हुई है। डेविड वॉर्नर के आउट होने के बाद जब पंत ने मैदान में एट्री की तो दर्शकदीर्घा में बैठे लोगों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। वहीं उन्होंने पंजाब के स्पिनर हरप्रीत बरार की गेंद को लेग साइड में खेलकर पहला रन लिया। हालांकि, उनकी पारी बहुत लंबी नहीं रही और वो 13 गेंदों में महज 18 रन बनाकर हर्षल पटेल का शिकार बन गए।

मुल्लनपुर स्टेडियम पंजाब किंग्स का होम ठाउंड है। लेकिन जब पंत मैदान में उतरे तो शोर सुनकर लग रहा था मानो दिल्ली मैदान है। ठाउंड में उतरने के बाद ऋषभ पंत लगातार रन बनाने की कोशिश में जुटे हुए थे। उन्होंने स्पिनर्स पर आगे बढ़कर कुछ शॉट खेलने की भी कोशिश की। हालांकि, वह पूरी तरह से कामयाबी नहीं मिली। पंत का अंदाज देखकर लग रहा था कि वह रनों का अंबार लगा देंगे।

## कोलकाता का विजयी आगाज

# रसेल ने 25 बॉल पर 64 रन बनाए, 7 छक्के मारे, दो विकेट भी लिए



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में विजयी आगाज किया है। टीम ने सीजन के तीसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 4 रन से हराया। 209 रन का टारगेट चेज करने उतरी हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 204 रन ही बना सकी। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता की ओर से आंद्रे रसेल ने नाबाद 64 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि फिल सॉल्ट ने 54 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 35 और रिंकू सिंह ने 23 रन का योगदान दिया। टी नटराजन ने तीन विकेट झटके।

हर्षित राणा ने एक बार फिर मैच कोलकाता की ओर मोड़ दिया है। उन्होंने आखिरी ओवर की तीसरी बॉल पर शाहबाज अहमद को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। हर्षित ने 5वीं बॉल पर क्लासन को सुयश शर्मा के हाथों कैच कराया। सुयश ने शानदार कैच पकड़ा। क्लासन ने स्टार्क के ओवर में 4 छक्के मारे, आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी। हेनरिक क्लासन ने मैच का रुख हैदराबाद की ओर मोड़ दिया है। उन्होंनें 19वें ओवर में मिचेल स्टार्क की बॉल पर 4 छक्के मारे। इस ओवर में 26 रन बने। अब हैदराबाद को जीत के लिए 13 रन चाहिए थे।

# पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

## पेट में दर्द की बात बताने पर किया पिता का कत्ल

**डूंगरपुर, (निसं)।** सनकी बेटे ने बुजुर्ग पिता के सिर पर लाठी मारकर हत्या कर दी। बुजुर्ग पिता की गलती केवल इतनी थी कि उसने बेटे से पेट में दर्द होने की बात बताई। वारदात के बाद बेटा अपने पिता के शव के पास ही बैठा रहा। रात को लोगों के सोने के बाद घर के ही एक कोने में गड्ढा खोदा और बुजुर्ग पिता की शव दफना दिया। लोगों को इसकी भनक नहीं लगे इसके लिए मिट्टी का लेप भी कर दिया। मामला डूंगरपुर कोतवाली इलाके का है।

बलवाडा सामीतेड फला गांव के रहने वाले राजेंग बरंडा को उसके बेटे ने ही मार डाला। 19 मार्च की शाम के समय बेटा चुन्नीलाल बरंडा और पिता राजेंग घर पर थे। राजेंग ने बेटे से कहां कि पेट में दर्द हो रहा है। बीमार हो गया हूं, तेरी मां भी नहीं है। अब मैं जीना नहीं चाहता। पिता की ये बात सुनकर बेटे ने घर में पड़ा लट्ठ उठाया और पिता के सिर पर मारा। इससे पिता राजेंग घर में ही ढेर हो गया। आरोपी ने देर रात को घर के एक कोने में 4 फीट गहरा गड्ढा खोदा। पिता के शव को गड्ढे में डाल दिया। इसके बाद गड्ढे को वापस भरकर मिट्टी का लेप कर दियाए ताकि किसी को भनक नहीं लगे। आरोपी चुन्नीलाल पिता की हत्या के बाद भी 2 दिन तक गांव में बेधडक घूमता रहा। वह अकेले उसी घर में खाना बनाता और पिता की लाश जिस जगह दफनाई थी, उसी जगह खाना खाता था। गांव में कई लोगों से मिलता, जैसे कुछ हुआ ही नहीं हो।



पिता का हत्यारे बेटे को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- **दफनाई गई जगह पर ही खाता था खाना, दो दिन तक गांव में बेधडक घूमता रहा**

पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। 2 दिन तक पिता के नहीं दिखाई देने पर बडे बेटे पप्पू और दिनेश ने अपने भाई चुन्नीलाल से पूछताछ की। शुक्रवार को गुजरात में मजदूरी करने वाला भाई प्रकाश भी आ गया। भाइयों के पूछने पर पिता की हत्या कर शव को गड्ढे में दफनाने की वारदात बता दी। इसके बाद गड्ढा खोदकर शव को बाहर निकाला। चुन्नीलाल बीएए बीएड है, वह सनकी स्वभाव का है। पिता के बार.बार बीमारी की बात करने से उग्र हो जाता था। बुजुर्ग राजेंग बरंडा अपने तीसरे नंबर के बेटे चुन्नीलाल बरंडा के साथ रहते थे। छोटा बेटा प्रकाश और मां गुजरात में रहते थे, जबकि बडे 2 बेटे पप्पू और दिनेश बरंडा पास ही दूसरे घर में रहते थे।

## जेल में बिस्तर के नीचे मिले एंड्राइड और की-पैड फोन

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय कारागार में अवांछनीय सामग्री पहुंचना जारी है। लगातार चैकिंग के बावजूद केंद्रीय कारागार में अवांछित सामग्री मिल रही है। अब कारागार में एक बैरक की तलाश ली गई तब बिस्तर के नीचे रखे दो मोबाइल मिले है। जिसमें एक एंड्राइड फोन है जबकि दूसरा की-पैड फोन है। पूछताछ में दो बंदियों ने यह फोन खुद के बताए है। जेल के उपाधीक्षक ने अब रातानाडा थाने में इस बारे में मामला दर्ज कराया है।

जोधपुर केंद्रीय कारागार में रात को उप कारापाल कविता विश्नोई ने मयजाब्ते के तलाशी ली। वार्ड संख्या 6 की बैरक संख्या 1 में तलाशी के समय बिस्तर के नीचे दो फोन मिले। जिसमें एक एंड्राइड एवं दूसरा की-पैड फोन था। पूछताछ में पता लगा कि सिरमंडी ओसियां सिंवरों की ढाणी निवासी बंदी दिनेश पुत्र भानाराम ने एंड्राइड फोन खुद का बताया और की-पैड को सोढेर की ढाणी सूरसागर निवासी रूपाराम पुत्र हजारीराम ने खुद का होना बताया। इस संबंध में जेल के उपाधीक्षक सौरभ स्वामी की तरफ से रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई है।

# भाजपा से निकाले गए नेताओं की एक फोन से घर वापसी टली

## विधायक कोठारी और सहयोगियों के अरमानों पर फिरा पानी

**भीलवाड़ा।** भाजपा से निकाले गए नेताओं का आज जयपुर में पार्टी से मिलन का कार्यक्रम एक फोन कॉल से टल गया, ऐसी के साथ सारी तेयरिया धरी रह गई।

भीलवाड़ा भाजपा विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य के लिए निकाले गए भाजपा नेताओं की आज घर वापसी की तैयारी थी और निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी के गांधीनगर स्थित कार्यालय से सुबह 8:00 बजे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा लादू लाल तेली, नगर परिषद के पूर्व सभापति लक्ष्मी नारायण डाड, भगवान सिंह, कन्हैयालाल स्वर्णकार के साथ ही निर्दलीय विधायक कोठारी भी जयपुर के लिए रवाना होने वाले थे, लेकिन आधी रात को जयपुर से भाजपा घर वापसी के प्रभारी अरुण चतुर्वेदी का फोन आया कि अभी आप रुकिये, कुछ दिन बाद देखते हैं। इसके बाद आधी रात को ही जयपुर जाने वाले लोगों और भाजपा नेताओं के फोन कॉल घनघना उठे, अच्छे और नए कपड़े ईस्त्री करके जयपुर जाने की तैयार कर प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचने वाले इन नेताओं और कार्यकर्ताओं के अरमानों पर फिर पानी फिर गया। जयपुर में घर वापसी का कार्यक्रम तो रहेगा लेकिन उसमें पड़ोस के जिले चित्तौड़गढ़ के भाजपा नेताओं की घर वापसी होगी।

# गायों के बाड़े में छुपाकर रखा एक करोड़ का गांजा बरामद

## दो क्विंटल 170 ग्राम गांजा मिला, आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट की जिला पूर्व पुलिस ने एक करोड़ का गांजा बरामद किया है। गायों के बाड़े में छुपाकर रखे गए गांजें के कट्टे पुलिस ने बरामद कर आरोपी को हिरासत में लिया है। बाड़े से 200 किलो 170 ठााम गांजा बरामद हुआ है। संभवत: कमिश्नरेट में गांजे की इतनी बड़ी खेप पहली बार पकड़ी गई है। पुलिस अब पकड़े गए अभियुक्त से गांजे के सप्लायर के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मादक पदार्थ एवं अवैध हथियारों की धरपकड़ जारी है। पुलिस को रोज स्पेशल टास्क के तहत कार्रवाई के आदेश दिए जाते है। शुक्रवार को करवड़ पुलिस को सूचना मिली कि विनायकपुरा गांव में रहने वाला धर्मेंद्र पुत्र हीराराम विश्नोई मादक पदार्थ की तरस्करी करता है। उसके यहां पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हो सकता है। इस पर एसीपी मंडोर पीयूष कविया के सुपरविजन में वहां पर थानाधिकारी अवधेश सांदू मय जाब्ते के रेड दी गई। तब गायों के बाड़े में तिरपाल से ढके प्लास्टिक कट्टों में मादक पदार्थ मिला। जांच में यह गांजा निकला। पुलिस ने बाड़े से 200 किलो 170 ग्राम गांजा बरामद किया है। इस गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ रूपए है। पुलिस ने आरोधी धर्मेंद्र विश्नोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर अब अग्रिम जांच शुरू की है। उससे गांजा सप्लायर के बारे में पता लगाने का प्रयास जारी है।

## मधुमक्खियों के हमले में 100 से ज्यादा लोग घायल

**भीलवाड़ा।** हमीरगढ़ उपखण्ड क्षेत्र स्वरूपगंज में श्मशान में दाहसंस्कार के लिए इकट्ठा हुए लोगों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। समाजसेवी हितेश चौबे ने को बताया की गांव के शमशान घाट में दाह संस्कार के लिए इकट्ठा हुए लोगों पर भंवर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया अचानक मधुमक्खी के हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे, उस वक्त वहां करीब 300-400 लोग मौजूद थे। मधुमक्खी के काटने से करीब एस सौ लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी स्वरूपगंज हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहाँ नर्सिंग स्टॉफ द्वारा उपचार किया जा रहा है ओर बताया की इस उपचार के दौरान कोई चिकित्सा प्रभारी अधिकारी मौजूद नहीं है और बताया की आदर्श राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले कई सालों से डॉक्टरों की कमी से मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# युवक की हत्या कर शव को खाई में फेंका

## युवक रात्रि को खेत की रखवाली करने गया था


**मावली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की बसलीया ग्राम पंचायत के होली गांव में एक युवक की हत्या कर शव को खाई में फेंक दिया।

युवक रात्रि को फसल की रखवाली पर गया था और सुबह वापस नहीं आया तो परिजन तलाश में निकले तो उसका शव पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार होली गांव में खेतों की तरफ पगडंडी के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा था। सुबह रेडिय खेड़ी से आ रहे ग्राामीणों ने रास्ते में पगडंडी पर बाइक और पास में नाले में शव पड़ा देखा। मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर थाना अधिकारी रमेश काव्या मय जब्ते मौके पर आए और शव की शिनाख्तगी का प्रयास किया।

शव की पहचान नारू 35 पुत्र रूपलाल डांगी निवासी होली गांव के रूप में की गई।

- **पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो परिजनों ने बताया कि नारू खेत में पड़े गेहूं की रखवाली के लिए रात्रि को गया था सुबह उसका शव खेत से मात्र 200 मीटर दूरी पर पड़ा मिला। मृतक के परिजनों ने शंका जाताई कि नारू के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परियोजनाओं को सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक के एक ट्रक भी है और वह मजदूरी का काम भी करता है उसके दो बेटियां और एक बेटा है।



खेत में युवक के शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची

# भाई व भतीजों ने की चाचा की पीट-पीटकर हत्या

## दस फीट कृषि भूमि के टुकड़े के लिए की हत्या

**बीकानेर।** जिले के महाजन थाना इलाके के रामबाग में महज दस फीट के करीब कृषि भूमि के टुकड़े के लिए भाई व भतीजों ने चाचा की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के समय चाचा अपने खेत में ही था। वारदात का पता चलने पर पीडित का बेटा व गांव वाले खेत पर पहुंचे। जहां से गंभीरावस्था में शख्स को महाजन सीएचसी लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन कोई हाथ नहीं लगा।

महाजन एसएचओ कश्यप सिंह ने बताया कि रामबाग निवासी कालूराम ताखर (52) पुत्र भंवराराम गुरुवार सुबह ट्रैक्टर लेकर खेत गया था। खेत में बड़े भाई सतपाल ताखर, उसके बेटे मनीष और धर्मेन्द्र ताखर के साथ कृषि भूमि को लेकर विवाद हो गया। आरोपियों ने कालूराम पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे राकेश ताखर की रिपोर्ट पर सतपाल ताखर, मनीष व धर्मेन्द्र के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

मृतक के बेटे राकेश के मुताबिक, वारदात की सूचना पर वह और गांव के लोग खेत पहुंचे। तब कालूराम चालक की सीट पर गंभीर हालत में स्थिर पड़े थे। उनके नाक व कान से खून बह रहा था। आशंका है कि आरोपियों ने लाठी से उनके सिर पर वार किया, जिससे अंदरूनी चोट लगी और उनकी मौत हो गई।

कालूराम व सतपाल का रामबाग की रोही में खेत है। इस खेत की कुछ भूमि पर आरोपी सोलर पैनल लगवा रहे थे। उसका सामान भी मौके पर था। महज पांच-दस फीट भूमि को लेकर कालूराम व सतपाल में काफी समय से विवाद चल रहा था। कालूराम सुबह ट्रैक्टर लेकर गया और उसने सोलर पैनल के लिए तय की गई जमीन पर ट्रैक्टर से काम शुरू कर दिया। इस बात को लेकर मनीष व धर्मेन्द्र के साथ विवाद हो गया। जिस पर आरोपियों ने लाठियों से पीट-पीटकर कालूराम की हत्या कर दी।

## राशिफल रविवार 24 मार्च, 2024



पंडित अनिल शर्मा


फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र प्रात: 7:34 तक, गंड योग रात्रि 8:34 तक, वणिज करण प्रात: 9:36 तक, चन्द्रमा दिन 2:20 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग प्रात: 7:34 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग प्रात: 7:34 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रात: 9:56 से 11:13 तक है। आज चान्द्र पूर्णिमा व्रत, हुवाशनी पूर्णिमा है। आज होलिका दहन है। आज होलिका दहन मुर्हूत रात्रि 11:14 से 12:33 तक रहेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:01 से 9:32 तक, लाभ-अमृत 9:32 से 12:33 तक, शुभ 2:04 से 3:35 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:30, सूर्यास्त 6:36



### मेष

घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।




### वृष

घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।



### मिथुन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



### कर्क

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में आपसी सहयोग समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



### सिंह

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।



### कन्या

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।



### तुला

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।



### वृश्चिक

महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



### धनु

महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### मकर

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



### कुंभ

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।



### मीन

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को राजस्थान रॉयल्स टीम के सी.ई.ओ. जैक लश मैकरम एवं उपाध्यक्ष राजीव खन्ना ने ओ.टी.एस. स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की। इस दौरान युवा एवं खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी उपस्थित थे।*

# कैमिकल फैक्ट्री में आग, पांच मजदूर जिंदा जले

## बस्सी के बैनाड़ा इलाके में हुए इस हादसे में दो अन्य घायल हो गए

- आग बॉयलर फटने से लगी और जल्दी ही उसने पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया। उस समय फैक्ट्री में 7-8 मजदूर थे।
- नौ दमकलों की सहायता से आग बुझाई गई, घायलों को जयपुर भेजा गया है।
- बैनाड़ा के आबादी क्षेत्र में शालीमार कैमिकल फैक्ट्री चल रही थी। इसमें सड़क व भवन निर्माण में काम आने वाला कैमिकल बनाया जाता है।

बस्सी, 23 मार्च (निसं), बस्सी इलाके के बैनाड़ा में शनिवार शाम को एक कैमिकल फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग से पांच मजदूरों की जिंदा जलने से मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वही बस्सी, जयपुर से पहुंची 9 दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने घायल लोगों को एम्बुलेंस से जयपुर भिजवाया है। बताया जा रहा है कि, बैनाडा में आबादी क्षेत्र में शालीमार केमिकल फैक्ट्री संचालित हो रही है। इस फैक्ट्री में रोड व बिल्डिंग निर्माण में काम आने वाले कैमिकल को बनाया जाता है। शनिवार शाम को फैक्ट्री के करीब 7-8 मजदूर काम कर रहे थे। अचानक फैक्ट्री का बॉयलर फट गया, जिससे फैक्ट्री में आग लग गई। आग की तीव्रता इतनी तेज थी कि कुछ हो देर में आग ने फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया और उसमे फंसे 5 मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। सभी मृतक स्थानीय बताए जा रहे हैं। आग की लपर्टे और धुंआ देखकर आस -पास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

सूचना पर 9 दमकले मौके पर पहुंची और आग पर पानी डालकर काबू पाया। पुलिस ने घायल 2 मजदूरों को उपचार के लिए जयपुर भिजवाया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद फैक्ट्री मालिक मौके से फरार है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र कुमार के मुताबिक फेक्ट्री में आपातकाल परिस्थितियों से निपटने के लिए फायर सिस्टम का अभाव था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद में सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और मुआवजा व मामले की उच्च स्तर पर जांच की मांग करते हुए विरोध जताने लगे।

## मु.मंत्री राजस्थान रॉयल्स के पदाधिकारियों से मिले

- आई.पी.एल. टीम, राजस्थान रॉयल्स के सी.ई.ओ. व उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को आई.पी.एल. का गोल्डन पास भेंट किया। इस अवसर पर राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद थे।

जयपुर, 23 मार्च (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को ओ.टी.एस. मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जेक लश मैकरम एवं उपाध्यक्ष राजीव खन्ना से मुलाकात की। जेक एवं खन्ना ने मुख्यमंत्री को इंडियन प्रीमियर लीग (आई.पी.एल.) का गोल्डन पास भेंट कर जयपुर में आयोजित होने वाले राजस्थान रॉयल्स के मैच देखने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान खेल एवं युवा मामलात मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि, जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के 24 व 28 मार्च तथा 6 अप्रेल सहित कुल 5 मैच आयोजित होंगे।

# कांग्रेस ने 46 उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी की

## यू.पी. की 17 में से नौ सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये, अजय राय वाराणसी में प्र.मंत्री मोदी का सामना करेंगे

नई दिल्ली, 23 मार्च (वार्ता)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को चौथी लिस्ट जारी कर दी, जिसमें 12 राज्यों के लिए कुल 46 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने जिन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है उनके नाम चौथी सूची में शामिल किए गए हैं।

पार्टी ने जिन राज्यों के लिए लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं उनमें असम, अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड तथा पश्चिम बंगाल शामिल है।

कांग्रेस ने उधमपुर से हाल ही में पार्टी में शामिल हुए चौधरी लाल सिंह को टिकट दिया है, जबकि मध्य प्रदेश के राजगढ़ से वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, रतलाम से कांतिलाल भूरिया, तमिलनाडु के कुरुर से एस ज्योति मणि, शिव गंगा से ए कार्तिक पी चिदंबरम, सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, देवरिया से अखिलेश प्रसाद सिंह, हरिद्वार से वीरेंद्र रावत तथा वाराणसी से अजय राय को मैदान में उतारा है। वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है।

यू.पी. में कांग्रेस ने कुल नौ सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। सपा के साथ गठबंधन में उतरी कांग्रेस प्रदेश में 17 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है।

फतेहपुर सीकरी सीट से रामनाथ सीकरवार, कानपुर से आलोक मिश्रा, झांसी से प्रदीप जैन, बाराबंकी से तनुज पूनिया, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, बांसगांव से सदन प्रसाद, वाराणसी से अजय राय को टिकट दिया गया है। उत्तराखण्ड की नौनीताल-उद्धमसिंह नगर सीट से प्रकाश जोशी, हरद्वार से वीरेंद्र रावत को मैदान में उतारा गया है। वहीं, पश्चिम बंगाल की कूचबिहार सीट से प्रिय रॉय चौधरी को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है।

छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट से कवासी लखमा उम्मीदवार होंगे। मध्य प्रदेश की बात करें तो सागर से गुड्डू राजा बुंदेला, रीवा से नीलम मिश्रा, शहडोल से फूंदेलाल सिंह, जबलपुर से दिनेश यादव, बालाघाट से सम्राट सारस्वत, होशंगाबाद से संजय शर्मा, भोपाल से अरुण श्रीवास्तव, राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, उज्जैन से महेश परमार, मंदसौर से दिलीप सिंह गुर्जर, रतलाम से कांतिलाल भूरिया और इंदौर से अक्षय बाम को उम्मीदवार बनाया गया है।

## विपक्ष के सभी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चाहिए। "वे हमारे भाई-बहन हैं। मैं जल्द ही वापस आऊंगा।" उन्होंने ऐसा इसलिए कहा कि, क्योंकि, उनको आशंका है कि भाजपा के विरुद्ध "आप" की लड़ाई का, कांग्रेस को लाभ नहीं मिलना चाहिए।

ऐसे समय पर जबकि, सत्तारुढ़ सरकार द्वारा केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का सभी विपक्षी पार्टियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तब, वक्त की जरुरत है कि विपक्षी दल अपने व्यक्तिगत महत्वकांक्षाओं को छोड़कर या स्थगित करके, भाजपा के विरुद्ध एक आंदोलन छेड़ दें। लेकिन अभी ऐसा होता नहीं दिख रहा है। विपक्षी नेतागण, संयुक्त रुप से, अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए, मुख्य चुनाव आयुक्त, राजीव कुमार से मिले हैं, लेकिन विपक्षी खेमे से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कांग्रेस नेता, संजय निरुपम ने केजरीवाल के "पद से चिपके रहने" की आलोचना की है और उनसे तत्काल त्याग पत्र देने की मांग की है। केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनावी बाँड स्कीम के खुलासे दोनों ही भाजपा की चुनावी संभावनाओं के विपरीत देखे जा रहे हैं। लेकिन मुख्य मुद्दा है कि क्या विपक्षी नेता इच्छुक हैं और क्या वे इन मुद्दों पर एक प्रभावी आंदोलन खड़ा कर पायेंगे जबकि प्रचार के चरणों में बहुत कम समय उपलब्ध है। इन मुद्दों पर अभी भी एक बड़ा प्रश्नवाचक चिन्ह लगा है।

## "आपकी टिप्पणी हमारे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- जर्मनी में मिलीजुली सरकार का शासन है सोशल डेमौक्रेट्स की अध्यक्षा में तथा इस गठबंधन की सरकार में ग्रीन्स पार्टी भी महत्वपूर्ण घटक है। ग्रीन्स पार्टी की सहानुभूति आम आदमी पार्टी से स्वाभाविक ही है, क्योंकि अस्सी के दशक में ग्रीन्स पार्टी का भी अचानक प्रादुर्भाव हुआ था जर्मनी में आम आदमी पार्टी की तरह। ग्रीन्स का आधार पर्यावरण के मुद्दे थे, जैसे आप की प्रारंभिक ताकत भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई थी, अन्ना हजारे के साथ मिलकर।

प्रवक्ता रनधीर जायसवाल ने कहा कि जर्मनी मिशन के उप प्रमुख को आज दिल्ली में तलब किया गया और उनके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। उनके बयान को भारत के आन्तरिक मामलों में दखल देना बताया गया।"

जायसवाल ने कहा कि, "ऐसी टिप्पणियों को हम हमारी न्यायिक प्रक्रिया में दखल की तरह देखते है और वो हमारी स्वतंत्र न्यायपालिका को कमतर ऑकते हैं।"

जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत कानून के शासन से चलने वाला एक जीवंत व मजबूत लोकतंत्र है। जैसा कि सभी विधिक मामलों में देश में होता है और प्रजातांत्रिक देशों में प्रचलित है उसी प्रकार इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। इस मामले में पक्षपातपूर्ण धारणा बनाना बहुत ही अनुचित है।"

जर्मनी में वर्तमान संघीय सरकार गठबंधन की सरकार है जिसमें सोशल डेमोक्रेट्स, पर्यावरणादी ग्रीन्स एवं फ्री डेमोक्रेट्स इसमें शामिल है। यद्यपि गठबंधन की मिलीजुली सरकार का नेतृत्व सोशल डेमोक्रेट्स द्वारा किया जा रहा है परंतु ग्रीन्स पार्टी वाले पर्यावरण को मुद्दों को लेकर काफी सक्रिय है।

भारत में आम आदमी पार्टी के उदय की तुलना अस्सी के दशक में उभरी ग्रीन्स से की जाती है उसी प्रकार इन्होंने पर्यावरण के मुद्दों और संघवाद के समर्थन जनता का भरोसा अर्जित किया था।

## 'मोदी ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जीवन में बहुत संघर्ष किया है और मैं जानता हूं कि वह जारी रहेगा। इसलिए इस गिरफ्तारी से मैं हैरान नहीं हूँ।" आश्चर्यचकित नहीं किया है।

केजरीवाल की रिहाई को लेकर उनके वकील पहले ही दिल्ली हाई कोर्ट की शरण ले चुके हैं।

मैसेज में आगे कहा गया है- "मेरी गिरफ्तारी के कारण भाजपा सदस्यों से नफरत मत करिए, वे हमारे भाई हैं।"आबकारी नीति के संबंध में आम आदमी पार्टी सुप्रीमो की गिरफ्तारी के संबंध में सुनीता केजरीवाल ने अपना पहला सार्वजनिक बयान दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा केजरीवाल को छह दिन के लिए ई.डी. की हिरासत में भेजने के बाद सुनीता का बयान शुक्रवार को "एक्स" पर आया। शहर के एक कोर्ट द्वारा दिए गए रिमाण्ड के अनुसार मुख्यमंत्री केजरीवाल 28 मार्च तक ई.डी. की हिरासत में रहेंगे।

सुनीता केजरीवाल की पोस्ट में लिखा है कि मोदी जी ने सत्ता के दम्भ में आप के तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है। यह दिल्ली के लोगों के साथ विश्वासघात है।

## 35 फार्मास्युटिकल कम्पनियों ने एक हजार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

छह नोटिस जारी किए थे।

इनमें से कम से कम तीन नोटिस 2021 में जारी किए गए जो "रैमडैसिविर" से संबंधित थे। रैमडैसिविर एक एंटी वायरल दवा है, जिसका कोविड-19 के उपचार में व्यापक उपयोग किया गया। वैश्विक महामारी के दौरान इस दवा ने हेटरो का व्यापार अधिक बढ़ाने में मदद की।

महाराष्ट्र के पूर्व जॉइट कमिश्नर ऑफ ड्रग्स ओमप्रकाश साधवानी ने बताया कि घटिया क्वालिटी की दवाओं से किसी कंपनी का मैन्युफैक्चरिंग लायसैंस रद्द हो सकता है। लेकिन, तेलंगाना के नियामक ने हेटरो के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। कंपनी ने महाराष्ट्र में घटिया पायी गई दवाईयों के बैच को स्टाक हटा लिया था। हेटरो ने वर्ष 2022 और 2023 में कुल 60 करोड़ के बॉण्ड खरीदे।

गुजरात की दवा निर्माता टोरैन्ट फार्मा ने यह 2019 से जनवरी 2024 के बीच 77.5 करोड़ के बॉण्ड खरीदे। उसकी एंटीप्लेटलेट मैडिसिन डिप्लेट-150 को महाराष्ट्र के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने वर्ष 2018 में घटिया घोषित कर दिया था।

अमेरिका के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने अक्टूबर 2019 में इस फर्म को एक चेतावनी जारी की थी कि उसकी निर्माण इकाई में बार-बार घटिया क्वालिटी सामने आ रही है। ऐसे नोटिस पर भारतीय प्राधिकरण का निरीक्षण काफी जरूरी माना जाता है और उससे कंपनी का मैन्युफैक्चरिंग लायसैंस निलम्बित भी हो सकता था, लेकिन गुजरात सरकार ने टोरैन्ट के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

टोरैन्ट फार्मा की लो ब्लड प्रैशर की दवा लोसार एच को गुजरात के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने वर्ष 2019 में घटिया क्वालिटी का पाया था।

ह्रदय रोगों के उपचार में काम आने वाली उसकी दवा नाइकोरान एल.वी. को महाराष्ट्र के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने दिसम्बर 2021 में नकली माना था।

डायरिया के उपचार में काम आने वाली उसकी दवा लोपामाइड फरवरी 2023 में डिस्सोलूशन टैस्ट में फेल हो गई थी, उसे घटिया पाया गया था।

इस फार्मास्यूटिकल कंपनी ने मई और अक्टूबर 2019 में 12.5 करोड़, अप्रैल 2021 में 7.50 करोड़, जनवरी और अक्टूबर 2022 में 25 करोड़, अक्टूबर 2022 में 25 करोड़, अक्टूबर 2023 में 7 करोड़ और जनवरी 2024 में 25.5 करोड़ रूपए के इलैक्टोरल बॉण्ड खरीदे।

गुजरात की एक अन्य फार्मा कंपनी ज़ायडस हैल्थ केयर ने वर्ष 2022 और 2023 के बीच 29 करोड़ रूपए के इलैक्टोरल बॉण्ड्स खरीदे।

सन् 2021 में बिहार ड्रग रैगुलेटर ने गुजरात की एक कम्पनी द्वारा बनाई गई रैमडैसिविर दवाओं के एक बैच को नकली घोषित किया, क्योंकि, इनमें बैक्टीरिअल एण्डोटॉक्सिन के अंश मिले थे। कई मरीजों में इन दवाओं के विपरीत रिएक्शन की खबरें आई थीं।

लेकिन, गुजरात ड्रग रैग्यूलेटर ने, आगे और परीक्षण के लिए इन बैचेज़ के सैम्पल नहीं लिए ना ही उन्होंने ज़ायडस की उत्पाद इकाई के विरूद्ध कोई कार्रवाई की। वर्ष 2022 और 2023 के बीच ग्लैनमार्क को उसकी घटिया दवाईयों के लिए 5 नोटिस जारी किए गए। इनमें से चार नोटिस महाराष्ट्र फूड एण्ड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन ने जारी किए थे, जिसने ग्लैनमार्क की ब्लड़ प्रैशर की दवा टैल्मा को घटिया दर्जे की दवा बताया था। फार्मास्टयुटिकल कम्पनी ने नवम्बर 2022 में 9.75 करोड़ के इलैक्टोरल बॉण्ड खरीदे।

सिप्ला कम्पनी को 2018 और 2022 के बीच उसकी दवाओं के लिए चार शो कॉज़ नोटिस दिए गए, कम्पनी ने 39.2 करोड़ के बॉण्ड खरीदे।

अगस्त 2018 में, एक इन्स्पैक्शन के दौरान कम्पनी का आर.सी. कफ सिरप मापदंड पर खरा नहीं उतरा।

जुलाई 2021 में रैमडिसिवीर दवा सिप्रेमी के लिए सिप्ला को दो बार नोटिस मिला था। हेटेरो की तरह सिप्ला की दवा सिप्रेमी में भी रैमिडिसिवीर सॉल्ट की मात्रा आवश्यकता से कम थी। सिप्ला ने नवम्बर 2022 में 25.2 करोड़ रु. के बॉण्ड खरीदे थे।

आई.पी.सी.ए. लैबोरेटरीज़ ने नवम्बर 2022 से अक्टूबर 2023 के बीच 13.5 करोड़ रु. के बॉण्ड खरीदे थे। अक्टूबर 2018 में इसकी एंटी पैरेसिटिक दवा लैरियागो में क्लोरोक्वीन फॉस्फेट की मात्रा आवश्यकता से कम थी। इसे घटिया दर्जे का माना गया था। इस दवा का निर्माण आई.पी.सी.ए. के देहरादून प्लांट में बनाई गई थी और मुम्बई फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने इसे मंजूरी दी थी।

इन्टास फार्मास्युटिकल ने अक्टूबर 2022 में 20 करोड़ रु. के बॉण्ड खरीदे थे। वर्ष 2020 में कम्पनी की एनाप्रिला -5 टैबलैट महाराष्ट्र एफ.डी.ए. के टैस्ट में फेल हो गई थी।

# मॉस्को में आतंकी हमला, 143 लोगों की मौत

## आतंकियों ने म्यूज़िक कॉन्सर्ट हॉल में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसके बाद हॉल में भयंकर आग लग गई

- हॉल में आग लगने के कारण बड़ी संख्या में लोग आग की चपेट में आ गये, इस घटना में 100 अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हुये हैं।

मॉस्को, 23 मार्च (वार्ता/शिन्हुआ)। रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में 143 लोगों की मौत हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं।

रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि, आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल - मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाये गये थे।

प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि, आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया।

समिति ने कहा कि, बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि, यह भी स्थापित हो गया है कि, आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था।

रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि, ये सभी क्रोकस सिटी हॉल हमले में सीधे तौर पर शामिल थे।

समिति ने कहा कि, यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने मॉस्को के क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हुई गोलीबारी और बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।

मॉस्को के बाहर क्रोकस सिटी हॉल के कॉन्सर्ट स्थल पर गोलीबारी हुई और उसके बाद भीषण आग लग गई। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है।

# गोपाल सिंह इडवा और सम्पत सिंह धमोरा समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हुए

## शनिवार को 33 बड़े नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

- भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले चार निर्दलीय विधायकों, चित्तौड़गढ़ के चंद्रभान सिंह, सांचौर के जीवाराम चौधरी, हनुमानगढ़ के गणेश राज और बयाना की रितू बानावत ने पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ज्ञातव्य है कि, बागी होने पर इन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।
- आज भाजपा जॉइन करने वाले अन्य बड़े नेताओं में जालम सिंह रावलोत, सुनीता देवी जाटव, श्याम सतलानी, कमल कुमार जेठानी, आप पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय बियानी प्रमुख हैं।

जयपुर, 23 मार्च (का.सं.)। भारतीय जनता पार्टी में दूसरे दलों के नेताओं के शामिल होने का क्रम लगातार जारी है। शनिवार को पूर्व सांसद गोपाल सिंह इडवा तथा वरिष्ठ नेता सम्पत सिंह धमोरा व कई अन्य नेताओं ने भाजपा जॉइन की। भाजपा से बगावत कर चुनाव लड़ने वाले चार निर्दलीय विधायक भी भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने सभी से आव्हान किया कि लोकसभा चुनाव में सब मिलकर एक बार फिर 25 सीटों पर कमल खिलाएंगे और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में भूमिका निभाएंगे।

भाजपा कार्यालय पर चार निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है। इनमें चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज और बयाना से विधायक रितु बनावत शामिल हैं। शनिवार को विजय संकल्प दिवस कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व सांसद गोपाल सिंह इडवा तथा सम्पत सिंह धमोरा ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने गोपाल सिंह इडवा को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, लोकसभा चुनाव सह प्रभारी विजया राहटकर की उपस्थिति में कांग्रेस प्रवक्ता सम्पत सिंह धमोरा, पूर्व विधायक जालम सिंह रावलोत, अलवर रामगढ़ के विधानसभा प्रत्याशी सुखवंत सिंह, विजय मीणा, एस.टी. मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र मीणा, कांग्रेस से भुसावर नगर पालिका चेयरमैन सुनीता देवी जाटव, जैतारण पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंह चारण, आम आदमी पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय बियानी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेताओं ने भाजपा का दामन थामा।



*भाजपा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी की मौजूदगी में पूर्व कांग्रेस सांसद गोपाल सिंह इडवा और कांग्रेस प्रवक्ता संपत सिंह धमोरा भाजपा में शामिल हुए। इनके अलावा पुराने भाजपाई नेताओं सहित 33 वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो गये। इनमें वो चार विधायक भी शामिल हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव के समय टिकट नहीं मिलने से नाराज़ होकर भाजपा छोड़ दी थी।*

कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ से पूर्व भाजपा पदाधिकारियों को बहाल कर पुनः पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई। इनमें पूर्व विधायक बद्री लाल जाट, पूर्व यू.आई.टी. चैयरमैन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद चैयरमैन सुशील शर्मा, पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ सहित 17 नेताओं की सदस्यता बहाल की गई। इनके अलावा कांग्रेस की जयपुर इकाई के जयपुर महासचिव श्याम सतलानी, कांग्रेस की जयपुर इकाई के उपाध्यक्ष कमल कुमार जेठानी ने भी सदस्यता ग्रहण की। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने 250 नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई और निर्दलीय विधायकों के साथ इनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।

## मु.मंत्री ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया। शर्मा 25 मार्च को धुलंडी के दिन ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली का त्यौहार मनाएंगे। इस दौरान शर्मा सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनता के साथ भी होली खेलेंगे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर थाना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी देवेंद्र उर्फ हिमान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी देवेंद्र उर्फ हिमान पर नाबालिग को घर से बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड वंदिता राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनावों को देखते हुए वांछित अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेम सिंह के निर्देशन वृत्त अधिकारी विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी मनोहर लाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पोक्सो एक्ट मे घटना के समय से फरार अभियुक्त देवेंद्र उर्फ हिमान मीणा की गहनता से तलाश करते हुए गिरफ्तार कर अनुसंधान किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

### सर्वश्रेष्ठ सफाई के लिए पार्षद सम्मानित

**सांभरझील,** (निसं)। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत 25 वार्डों में से सर्वश्रेष्ठ सफाई व्यवस्था का बेहतर ख्याल रखने पर सांभर के पांच वार्ड पार्षदों को नगरपालिका के अध्यक्ष बालकिशन जांगिड ने पालिका की तरफ से प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया है। सफाई में सर्वश्रेष्ठ वार्ड 19, 12, 14 और 25 को स्थान मिला है। इस अवसर पर अध्यक्ष जांगिड ने कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं और हमें इसमें सफलता भी मिल रही है। इस मौके पर गोपाल सिंह पवार, दलपत सिंह, नेमीचंद, गणेश नारायण शर्मा, लाली देवी सहित अनेक मौजूद रहे।

### विद्यालय में होली मिलन समारोह

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे के टोंक रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होली मिलन समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाया। वहीं मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य सुमेर सिंह ने दीप जलाकर किया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती एवं रघुनंदन शर्मा ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व बुराइयों पर अच्छाइयों का रंग चढ़ाता है। लोग खुले मन से एक दूसरे से गले मिलते हैं। उन्होंने बच्चों को हुडदंग से दूर रहकर प्रेम व सौहार्द के साथ होली मनाने की बात कही।

### शिविर में 72 रोगियों की जांच

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। एमएस हॉस्पिटल श्रीमाधोपुर में गत दिवस निशुल्क बीएमडी (बोन मैरो डेंसिटी) जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 72 रोगियों की निशुल्क जांच की जाकर आवश्यक परामर्श दिया गया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि यह शिविर प्रतिमाह आयोजित किया जाता है।

### ग्रामवासियों ने ज्ञापन सौंपा

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत खेलना ग्रामवासियों ने पावटा तहसीलदार के नाम ज्ञापन देकर गांव में चारागाह भूमि से अवैध मिट्टी दोहन पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव, मुकेश कुमार, खेलना सरपंच राजकुमार धानका, रोहिताश सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने गायों को चारा खिलाया

**निवाई,** (निसं)। भाजपा के गौ सेवा कार्यक्रम को लेकर शनिवार को भाजपा शहर मंडल ने गौ सेवा के लिए गौशाला में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा खिलाया।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली, निष्पक्ष मतदान का संकल्प दिलाया

■ शहीदों को पुष्पाजंली अर्पित कर लोकतंत्र की महत्वता पर प्रकाश डाला

**रामगढ-पचवारा,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो एवं मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ मतदाता भयमुक्त और निष्पक्ष रूप से मतदान कर पाए इसके लिए विभिन्न गतिविधियों का विधानसभा स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र मीणा ने बताया कि इसी क्रम में जयपुर में मतदाता रैली व मतदान की शपथ दिलाई गई।

सर्वप्रथम प्रधानाचार्य ममता मीना व मदनलाल शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा, नाथूलाल मीणा ने माँ सरस्वती की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। प्रधानाचार्य ममता मीना व सीता मीना ने आयी हुई महिला मतदाता गुड्डी देवी, ललिता देवी, विमला देवी, कृष्णा देवी, कान्ता देवी आदि का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। महिला मतदाताओं व नव मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया और ढोल नगाडों, देशभक्ति गीत के साथ शहर में मुख्य बजार, जोशी मौहल्ला, नाथ मौहल्ला, खाती गली में रैली निकाली गई। इस अवसर पर लालूराम बैरवा, विकाश गौतम ने शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित कर कार्मिकों व नागरिकों को लोकतंत्र की महत्वता पर प्रकाश डाला। रैली में महिला मतदाता रंग गुलाल उडाती हुई स्वीप पर लोकगीत गाती नजर आयी।

स्वीप टीम के सदस्य श्याम सैनी, ब्रजमोहन और दिनेश मीना ने भी ढोल नगाडो की धुन पर नृत्य कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। जयप्रकाश सैनी ने मतदाताओं पर पुष्पवर्षा कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में छगनलाल महावर, चेतराम मीना, बच्चूसिंह, राकेश मीना वार्डपंच, बद्री सिंह, अमरसिंह, पृथ्वीराज बांकावत, अनिल गुप्ता समाजसेवी, महेश, सुरेश, गिर्राज व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



प्रधानाचार्य ममता मीना व सीता मीना ने आयी हुई महिला मतदाता गुड्डी देवी, ललिता देवी, विमला देवी, कृष्णा देवी, कान्ता देवी आदि का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### ठाकुर जी संग फागोत्सव मनाया

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर परिसर में शनिवार को महिला मण्डल के द्वारा मन्दिर के पुजारी पण्डित शिवनारायण शर्मा के सानिध्य में फागोत्सव मनाया गया। इस दौरान ठाकुर जी महाराज का पंचामृत से स्नान करवाया गया साथ ही पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार कर भगवान की झांकी सजाई गई। तत्पश्चात महिलाओं ने होली के मधुर गीत गाए जिन्हें सुनकर उपस्थित महिलाएं नाचने को मजबूर हो गई। इसके साथ ही मन्दिर परिसर में महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर होली खेलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सम्पत जोशी, कमला प्रजापति, गुलाब जांगिड़, सुशीला जांगिड़, विमला गौड़, विमला पीपलवा, सुमित्रा शर्मा, संतोष प्रजापति सहित महिला मण्डल उपस्थित रहे।

## जलदाय विभाग को 2.38 करोड़ की बकाया वसूली में छूटे पसीने

■ विभाग ने बकाया राशि जमा कराने पर ब्याज व पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट का ऑफर लागू किया था

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा नगरपालिका शहरी क्षेत्र में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अपने उपभोक्ताओं में बकाया चल रहे 2 करोड 38 लाख 38 हजार 430 रूपये की बकाया वसूली करने के लिये एकमुश्त बकाया राशि जमा कराने पर ब्याज व पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट का ऑफर लागू करने के बावजूद विभाग को वसूली में पसीने छूट रहे है।

विभाग के मालपुरा कार्यालय से मिले आंकडो पर नजर डाले तो विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में 7711 उपभोक्ताओं को विभागीय स्वीकृति से नल कनेक्शन दिया गया। पानी की व्यर्थ बर्बादी रोकने तथा उपभोक्ताओं से प्रतिमाह बिल राशि वसूलने के लिये प्रतिवर्ष अभियान चलाकर कई प्रकार के ऑफर भी दिये जाने के बावजूद उपभोक्ता पानी का बिल नहीं भरने से अब तक विभाग की 2 करोड़ 38 लाख 38 हजार 430 रूपये की राशि बकाया पहुंच चुकी है। इतना ही नहीं उपभोक्ताओं के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों में लगे नल कनेक्शनों का भी समय पर बिल जमा नहीं होने का रोचक मामला सामने आया है। नगरपालिका मालपुरा द्वारा कार्यालय व अधिकारियों के आवास सहित शहर में सार्वजनिक पॉईन्टों पर लगे नल कनेक्शनों की 3 लाख रूपये से अधिक बिल राशि बकाया चल रही है। जलदाय विभाग के अधिकारी के आदेशों पर वसूली के लिये पहुंचे कार्मिकों को खांकी के खौफ व पुलिस के रूतबे के चलते बैरंग लौटना पडता है।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 35 वार्डो मे फैले मालपुरा शहर को 2 फेज मे विभाजित कर जल वितरण की व्यवस्थाऐं लागु की हुई है। जिसमे प्रतिदिन शहर मे अनुमानित 25 लाख लीटर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च 2024 से पूर्व की बकाया राशि एकमुश्त जमा कराने वाले उपभोक्ता को ब्याज व पेनल्टी में शत-प्रतिशत की छुट रखी गई है। अप्रेल 2023 से बाद की बकाया राशि जमा कराने पर उपभोक्ता को किसी प्रकार की कोई छुट का प्रावधान नहीं है। 31 मार्च तक बकाया जमा नहीं कराने वाले डिफाल्टर उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेद कर मय पेनल्टी व ब्याज के वसूली अभियान चलाया जायेगा।

### चौदह बूथ लेवल अधिकारियों को नोटिस जारी

**टोंक,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र टोंक में समस्त मतदान केदों पर बूथ लेवल अधिकारियों को उपस्थित रहकर बूथ परिक्षेत्र के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम खोजने एवं नवीन मतदाताओं के पंजीयन के लिए बूथ पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया था। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी राहुल सैनी, एसडीम टोंक ने मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया तथा 14 बूथ लेवल अधिकारी अनुपस्थित मिले, जिनको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। निर्वाचन से संबंधित कार्य कर रहे 6 पर्यवेक्षकगणों को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम टोंक ने विधानसभा क्षेत्र के मतदान केदों का भौतिक सत्यापन किया एवं अधिकारियों को निर्देशित किया।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मिला साढ़े पांच फुट का ब्लैक कोबरा

**टोंक,** (निसं)। शहर के एक आंगनबाड़ी केंद्र में एक दुलर्भ ब्लैक कोबरा देखा गया। यह ब्लैक कोबरा इतना खतरनाक था कि देखते ही लोगों की हालत खराब हो गई, इसकी लंबाई तकरीबन साढ़े पांच फीट थी।

जरा ही हलचल पर यह दुर्लभ कोबरा फन उठाए बड़ी तेजी से फुफकार मार रहा था। इस नजारा को देख लोग दंग रह गए। इसके बाद वन्य जीव प्रेमी मनोज तिवारी को इसकी सूचना दी, वह अपने संसाधनों के साथ पहुंचे। फिर बड़ी मशक्कत से ब्लैक कोबरा को पकड़कर टोंक के जंगल में सुरक्षित छोड़ा। इस दौरान मनोज तिवारी ने बताया कि इतना लंबा ब्लैक कोबरा पहली बार देखा है जो जरा सी हलचल पर फन फैलाए फुफकार मारता था। वहीं सांप को जंगल में छोड़ने के दौरान वहां वन विभाग की टीम के लोगों ने भी बताया कि वैसे तो वे जंगल में अक्सर सांप देखते रहते हैं, लेकिन पहली बार इतना लंबा काला सांप देखा है। उल्लेखनीय है कि ब्लैक कोबरा इतनी लंबाई का बहुत कम ही देखने को मिलता है।

### भाजपा, कांग्रेस व बसपा प्रत्याशी 27 को नामांकन दाखिल करेंगे

**अलवर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है लेकिन अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। नामांकन की आखिरी तारीख 27 मार्च को भाजपा और कांग्रेस के साथ बसपा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे।

इस दौरान रैली के जरिए दोनों ही अपनी ताकत का भी प्रदर्शन करेंगे। भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के साथ जिले के सभी कद्दावर नेताओं के साथ कुछ राष्ट्रीय स्तर के नेता भी नामांकन रैली में शामिल हो सकते हैं। सीएम भजनलाल व डिप्टी सीएम दिया कुमारी सहित कई बडे नेता नामांकन रैली में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव भी 27 को ही नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। इस दौरान नामांकन रैली भी निकाली जाएगी। बसपा प्रत्याशी फजल हुसैन भी 27 मार्च को नामांकन करेंगे। वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचेंगे।भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी अभी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी तैयारियों की बैठकें ले रहे हैं। नामांकन के बाद रैली और सभाओं के दौर शुरू होंगे। दोनों प्रत्याशी अपनी पार्टी के कद्दावर नेताओं की अलवर में सभा कराने की तैयारी कर रहे हैं।

## बैठक में होली तथा ईद को प्रेम व भाईचारे से मनाने पर चर्चा की

■ फुलेरा थाने पर सीएलजी सदस्यों की आवश्यक बैठक आयोजित

**फुलेरा,** (निसं)। स्थानीय पुलिस थाना परिसर में शनिवार को सांय 4:30 बजे त्योंहारी सीजन को मद्देनजर रखते हुए सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखियों एवं पुलिस मित्रों की आवश्यक बैठक का आयोजन वृत्ताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में किया गया। जबकि उक्त बैठक का नेतृत्व स्थानीय थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम सभी सदस्यों से परिचय किया गया। तत्पश्चात बैठक के दौरान आगामी हिन्दू, मुस्लिम त्योंहारों को लेकर पुलिस द्वारा की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही होली, धुलण्डी तथा ईदुल फितर को आपस में प्रेम, भाईचारे और सद्भावना से मनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं आवश्यक सुझाव मांगे गये। इसी क्रम में आगे अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वहीं उपस्थित व्यापार महासंघ फुलेरा के अध्यक्ष मनोज आहूजा ने बताया कि क्षेत्र में सूखा नशा चरम पर है। जिसकी वजह से युवा इसके आगोश में आ चुके है। इसके चलते कई परिवार तबाह होने की कगार पर है।

उक्त समस्याओं पर गौर फरमाते हुए थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने आश्वस्त किया कि जल्द ही टीम बनाकर ऐसे व्यक्तियों पर उचित कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में सदस्यों ने आगे बताया कि क्षेत्र में नो पार्किंग स्थलों पर वाहन खडा कर देने की वजह से रास्ता अवरुद्ध हो जाता है। जिससे सड़कों पर वाहनों का तो दूर की बात है, पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर वृत्ताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल ने कहा कि उक्त समस्या के लिए व्यापारियों को भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करना होगा।

इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा, शिक्षाविद् शक्ति सिंह, पार्षद प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह शेखावत, पार्षद पूजा भाटी, अब्दुल लतीफ कुरैशी, मुरारी लाल सिंवाल, रामपाल कुमावत, इन्द्र चन्द शर्मा, कालूराम प्रजापति, सोना देवी, ज्योति जाखड़, महेश सहाय शर्मा, ताराचन्द आमेरिया, विजय कुमार शर्मा, भूपेन्द्र गुप्ता, अनिल कुमार बंजारा सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## पेयजल आपूर्ति का समय निर्धारित

**निवाई,** (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के निर्देशानुसार होली व धुलंडी पर्व को लेकर शहरी जल योजना अर्न्तगत शहर में पेयजल आपूर्ति के समय को संसोधित किया है। विभाग के सहायक अभियंता नितिन कुमार जैन ने बताया कि टैगोर नगर, कीर कालोनी, बसंत कालोनी, अर्जुन नगर में 1 से 2 बजे तक, इंदिरा कालोनी, टंकी क्षेत्र, जैन कालोनी, जलदाय विभाग ऑफिस के आसपास के क्षेत्र में 12 से 1 बजे तक, दीनदयाल कालोनी, सुभाष कालोनी में 11 से 1 बजे तक, भरकुआं तालाब रोड के क्षेत्र में 12 से 1 बजे तक, कल्याण नगर, राधेबिहार कालोनी, बावडी वाले बालाजी क्षेत्र में 1 से 2 बजे तक, मालियो का मोहल्ला व खंगार मोहल्ला में 1 से 2 बजे तक, घाटी मोहल्ला, श्रीराम कालोनी क्षेत्र में 1 से 2 बजे तक, रैगर मोहल्ला क्षेत्र में 12:30 से 1:30 बजे तक, शहर के मुख्य बाजार, पुरानी निवाई व संतोषी माता मंदिर क्षेत्र में 1 से 2 बजे तक, जमात क्षेत्र में 12 से 1 बजे तक, शिवाजी कालोनी गली नंबर 1 व 18, तेजाजी गली व पुलिस थाने के पीछे के क्षेत्र में 10 से 11 बजे तक, शिवाजी कालोनी, भगतसिंह कालोनी, कृषि मंडी व पुलिस थाने क्षेत्र में 12 से 1 बजे तक पेयजलापूर्ति होगी।

# सबका साथ-सबका विकास ही भाजपा का मूलमंत्र : केंद्रीय मंत्री

■ किसान एवं ओबीसी मोर्चा सम्मेलन का आयोजन

**अलवर,** (निसं)। जयपुर रोड स्थित सागर रिसोर्ट में किसान एवं ओबीसी मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव शामिल हुए। किसान एवं ओबीसी मोर्चा द्वारा केंद्रीय मंत्री का फूल माला व साफा बांधकर अभिनंदन व स्वागत किया गया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किसान और ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी का धन्यवाद करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी ने समाज के टुकडे करने का काम किया है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने समाज को जोडने का काम किया है। इस सम्मेलन में भूपेंद्र यादव ने बताया की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत को लेकर चलती है। जब किसान खेती के लिए कर्ज लिया करता था तो मोदी सरकार ने किसान निधि योजना शुरू की और सीधे किसानों के खाते में पैसे भेजना शुरू किया जिससे कि किसान कर्ज में न डूबे तथा किसानों की फसल को सही दाम मिले। उन्होंने बताया की राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा केंद्र की मोदी सरकार ने ही दिया।

इसके लिए 123वां संविधान संशोधन करके संविधान में एक नया अनुच्छेद 338 बी जोडा गया। उन्होंने ओबीसी वर्ग के लिए विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मेडिकल शिक्षा में 27 फीसदी आरक्षण, ओबीसी समाज के बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय और विधि विश्वविद्यालय सैनिक स्कूलों में भी आरक्षण लागू किया गया। इससे हर साल 70000 छात्रों को लाभ होता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की मोदी जी के संकल्प अबकी बार 400 पार को पूरा करने में आप मदद करे।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री सुरेश रावत वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता तिजारा विधायक महंत बालक नाथ पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा, रामहेत सिंह यादव, लोकसभा सयोजक संजय नरूका, जिला प्रभारी रोशन सैनी महेंद्र यादव, ओपी यादव, ईश्वर यादव, जिला अध्यक्ष ओबीसी उत्तर जेल सिंह, जिला अध्यक्ष ओबीसी दक्षिण सुदेश खाम्बरा, संयोजक, बृज मोहन तंवर, कार्यक्रम संयोजक हरिसिंह चौधरी, जीतेंद्र राठौड सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



किसान एवं ओबीसी मोर्चा द्वारा केंद्रीय मंत्री का फूल माला व साफा बांधकर अभिनंदन व स्वागत किया गया।

## नकाबपोश बाइक सवारों ने वृद्धा की सवा तोले की नथ तोड़ी

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र में बागडी गांव के पास शनिवार को दिनदहाडे नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने खेत से आ रही एक वृद्ध महिला के नाक से सवा तोले की सोने की नथ लूट की वारदात को अंजाम दिया।

लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस की निष्क्रियत्ता व आमजन की सुरक्षा के प्रति बरती जा रही लापरवाही चोरों व लुटेरों के लिये वरदान साबित हो रही है। क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी, लूट सहित अवैध मादक पदार्थो की तस्करी सहित अन्य आपराधिक मामलों में थाना पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं करने का परिणाम आमजन को भुगतना पड रहा है। शनिवार को दो नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने बागडी गांव के पास खेत से घर की और आ रही एक वृद्धा काली देवी पत्नि सुखलाल जाट के नाक में पहनी सवा तोला सोने की नथ लूट की वारदात को अंजाम दे मौके से भाग छुटे। पीडित महिला ने थाना पुलिस को आपबीती सुनाते हुये बताया कि खेत से लौटने के दौरान बागडी की और से बाइक पर आये दो युवक जिनके मुंह पर नकाब बंधा हुआ था। कुछ दूर आगे तक जाकर युवकों ने बाइक वापस उसकी और घुमाई तथा पास में आकर सोने की नथ तोडने के लिये झपट्टा मारा। नकाबपोशों को पकडने तथा चिल्लाते हुये नथ को बचाने का भरकस प्रयास किया लेकिन एक युवक ने वृद्धा के हाथ के अंगूठे को दांतों से काट लेने से महिला नथ बचाने में नाकाम रही। पास के खेतों में काम कर रहे लोग दौडकर पहुंचे तब तक लूटेरे मौके से भाग छूटे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के बताये लॉकेशन व हुलीये के आधार पर दुकानों व पैट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। ग्रामीणों में पुलिस की लचर गश्त व्यवस्था व कार्यवाही के प्रति गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ महिनों मे चोरों ने दरगाह से दानपात्र तोडने, कई गांवो मे ट्रांसफार्मर तोडने, ताम्बा व ऑयल चुराने, स्कूल व आंगनबाडी से पोषाहार चुरा ले जाने सहित राजपुरा गांव के राजीव गांधी सेवा केन्द्र से बैट्री चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दिया लेकिन थाना पुलिस एक भी वारदात का खुलासा करने में सफल नहीं है।

## सार-समाचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। कस्बे में स्थित सांता किड्स एकेडमी में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालाडेरा थाना प्रभारी नरेश कंवर, शिक्षाविद सांवरमल शास्त्री, नरोत्तम, मुकुट बिहारी, दिनेश अमित योगी, विद्यालय के निदेशक मधुसूदन योगी, तुषार योगी, सहनिदेशक प्रियंका योगी एवं अभिभावकगण एवं संस्था का स्टाफ उपस्थित रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे की एस.बी. एन ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के द्वारा संचालित एसबीएन स्कॉलर क्लासेस में फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के निर्देशक डॉ.मुकेश कुमार बल्डवाल व इंजीनियर प्रदीप धायल फैकल्टी सदस्यों ने टारगेट क्लास व फाऊंडेशन क्लास के छात्रों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा आगामी प्रतियोगी परीक्षा नीट यूजी में अधिकतम छात्रों के चयन की कामना की। कोऑर्डिनेटर कैलाश चेजारा ने केमेस्ट्री ऑफ कलर्स एण्ड ओरिजिन ऑफ कलर्स पर व्याख्यान दिया और छात्रों को सरल भाषा में इंद्रधनुषी रंगों के स्पेक्ट्रम को समझाया। फाऊंडेशन क्लास की छात्रा मनीषा लाटा ने विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम को मॉडल के द्वारा अभिव्यक्त किया । इस शुभ अवसर पर व्याख्याता सोहनलाल निठारवाल, रोशन बधाला, राजेंद्र वर्मा, आशीष जयपुरिया, अमित शर्मा, मुकेश सैनी, भारती शर्मा, सरिता सोनी, रचना वर्मा, आरती सतीजा, विजेंद्र सैनी, चंद्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### फाग उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़,** (निसं)। कस्बे के श्याम मैरिज गार्डन में वैश्य महासमिति की ओर से आयोजित फाग उत्सव कार्यक्रम में आकर्षक झांकियां के साथ संगीत की धूम रही। इस अवसर पर वैश्य समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अलवर पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, राधा रमन विजय, अशोक सिंघानिया, मोहन मित्तल एवं लक्ष्मी नारायण गोयल सहित अन्य का स्वागत किया गया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत के बाद रंग एवं संगीत के साथ राष्ट्र एवं देश भक्ति की गूंज भी सुनाई दी। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान, वैश्य महासमिति के अध्यक्ष महेश गोयल, महिला समिति के अध्यक्ष ममता गुप्ता, प्रदीप महावर, अमित गुप्ता, दीपक,संजय खंडेलवाल, यशवंत गोयल, विनोद विजय, संजय जैन, समिति के अन्य पदाधिकारी, समिति के घटकों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र विजय ने किया।

### मतदाताओं को जागरूक किया

**टोंक,** (निसं)। उपखंड दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला कलेक्टर सौम्या झा के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनाकर 'मतदान अवश्य करें' का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम प्रभारी शांतिलाल शर्मा ने बताया कि तहसीलदार रामसिंह मीणा एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। इसके पश्चात तहसीलदार मीणा ने नायब तहसीलदार प्रभुलाल मीणा के साथ विद्यालय के मतदान बूथों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश भी दिए।

### कन्या जन्म पर उपहार बांटे

**उनियारा/चौरु,** (निसं)। भारत सरकार के नीति आयोग से रजिस्टर्ड एनजीओ पे टू पे सोशियल फाउण्डेशन सामाजिक संस्था बेटी बचाओ, बेटी पढाओं अभियान के तहत कन्या के जन्म पर फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा के आदेशानुसार एरिया कॉर्डिनेटर राजेश कुमार सेन द्वारा अलीगढ में वार्ड नंबर 7 से निर्विरोध वार्ड मेंबर अशोक सैनी पिता छीतरमल सैनी को पैनासोनिक मिक्सी और वार्ड नंबर 1 से दिनेश सैनी पुत्र जगदीश सैनी को इंडक्शन गैस चूल्हा उपहार दिया गया। एरिया कोर्डिनेटर अशोक टंकारिया ने बताया कि यह संस्था पूरे भारतवर्ष में एक मिशन बनाकर काम कर रही है। कन्या जन्म और कन्या की शादी में और अनाथ बच्चियों का नि:शुल्क पंजीकरण करके रजिस्ट्रेशन के रूप में सहायतार्थ काम करती है। फांउडेशन के एरिया कॉर्डिनेटर राजेश कुमार सेन ने फांउडेशन के बारे में विस्तार से योजनाओं के बारे में बताते हुए अधिकाधिक युवक युवतियों व दम्पत्तियों को जोडने का आव्हान किया। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्य मुकेश सैनी, राहुल, अनिल, शाहरुख, सोनू, राजेंद्र, बनवारी, सरिता, पूजा, उमेश, कैलाश, जगदीश, धीरज, सुमेर मौजूद थे।

**आम सूचना** दि. 23/03/2024
सर्व साधारण का सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 1घ 22, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जारी आबटन पत्र कब्जा पत्र इनवैन्टी पत्र. अनापत्ति प्रमाण पत्र एंव कार्यालय आदेश जारी किये गये थे वह कहीं खो गये है जिसकी राजस्थान पुलिस स्टेशन में शिकायत भी कर दी गई है शिकायत दिनांक 4.08.2020 शिकायत नम्बर 854706 / 2020 पर करायी गई है. मेरा अभिभाष्य उक्तसम्पति पर बैंक ऋण प्राप्त कर रहा है उपरोक्त दस्तावेज किसी को मिले या कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करें ।
राजेश शर्मा एडवोकेट
(राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर )9413013484

NAME CHANGE
I have Changed my Name from Naseem Bano to Nasim Begam in future. 1-B, Block No. 1 Sabir Colony Char Darwaza, Jaipur.
I have Changed my name from Zoya Mirga to Zoya Mirza for all purposes R/o 3493 Golamdaz ki Masjid Ke Pass Surajpole Jaipur.
I have Changed my name from Rahis to Rahis Ahmad Chhimpa for all purposes R/o Sardar Shahar, Churu (Raj.)

**आम सूचना** हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या 38 कुल क्षेत्रफल 150 वर्गगज जो कि आवासीय योजना न्यू गोल्डन सिटी ग्राम दूदू तहसील दूदू जिला दूदू में स्थित है जिसको प्रेम कंवर पत्नी जीवराज सिंह जाति राजपूत निवासी दूदू, तहसील दूदू जिला जयपुर द्वारा दिनांक 03.10.2013 को शिवचरण प्रजापत पुत्र केसरा जाति प्रजापत निवासी मालपुरा रोड आई टी आई के पीछे दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र बेचान किया गया तत्पश्चात शिवचरण प्रजापत द्वारा जरिये रजिस्टर्ड मुख्तयार आम दिनांक 31.12.2013 के द्वारा दिलीप कुमावत पुत्र सीताराम कुमावत जाति कुमावत निवासी दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर को नियुक्त कर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.06.2014 को गिरिराज सिंह पुत्र रूप सिंह जाति राजपूत निवासी दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर के पक्ष में विक्रय कर दिया। उक्त सम्पति का मूल विक्रय पत्र दिनांक 03.10.2013 क्रम संख्या 2013002365 हो गया जिसकी रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। उक्त सम्पति पर बंधक रखकर बैंक से ऋण लिया जा रहा है उक्त सम्पति से किसी अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 07 दिवस में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी तरह की कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी सूचित रहे।
रामजीलाल शर्मा, एडवोकेट, मो.नं. 9214530818

उत्तर पश्चिम रेलवे G20
ई-निविदा सूचना
(सर्वे एवं निर्माण)
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-द्वितीय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा-टू पैकेट पद्धति-Two Stage Reverse Auction) आमंत्रित करते है। 1. निविदा सूचना संख्या : DY CE/C-II-JU-T-02R-LUNI-SMR -BLDI 2. कार्य का नाम स्थान सहित : Earthwork in filling/cutting in formation, Blanketing, construction of Station Building, Platforms, Platform shelter, Foot Over Bridge, Passenger Amenities work, Electrical & S&T structures, RUBs, Minor Bridges, Retaining walls, Toe wall, Pitching, Electrical General work and all other ancillary works between Marwar Kori - Bhildi stations from Km.133.00 to 223.440 in connection with Luni-Samdari-Bhildi doubling project. 3. कार्य की अनुमानित लागत : रूपये 236,26,33,684.84 4. जमा की जाने वाली बयाना राशि : रूपये 1,00,00,000.00 5. ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : 16.04.2024 को 15.00 बजे तक 6. प्री-बिड कोन्फ्रेन्स की तिथि, समय एवं स्थानः प्री-बिड कोन्फ्रेन्स की तिथि : 28.03.2024 प्री-बिड कोन्फ्रेन्स का समय : 12.30 बजें। प्री-बिड कोन्फ्रेन्स का स्थानः कार्यालय - उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) द्वितीय, उत्तर - पश्चिम रेलवे, जोधपुर (राजस्थान) 7. वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है : www.ireps.gov.in 8. कार्यालय ई-मेल का पता : dycec2jodhpur@gmail.com
402-CQ/24
/NWRailways @NWRailways पर फॉलो करें


MARUTI SUZUKI
NEXA
REDEFINING POWER AND EFFICIENCY WITH STRONG HYBRID TECHNOLOGY.
CREATE. INSPIRE.
FASTEST 1 LAKH SALES* IN THE SEGMENT
GRAND VITARA
INTELLIGENT ELECTRIC HYBRID
1200+km IN ONE FULL TANK#
THE ADVANCED
GRAND VITARA
RULE EVERY ROAD
PANORAMIC SUNROOF
VENTILATED SEATS
6 AIRBAGS
EV MODE
SMARTPLAY PRO+
DIGITAL MULTI-INFORMATION DISPLAY
NEXA Safety Shield
SUZUKI-TECT BODY
DUAL FRONT AIRBAGS
ESP
SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH - FULL FRONTAL IMPACT, FRONTAL OFFSET IMPACT, SIDE IMPACT
Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.
BENEFITS UP TO ₹ 1 02 000^
Know more about The Advanced Grand Vitara
Scan to chat on WhatsApp
JAIPUR: NEXA QUEENS ROAD (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), NEXA GOPALPURATONK ROAD (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), NEXA RAJAPARK (KTL AUTOMOBILE PVT. LTD. PH: 9257022731), NEXA AJMER ROAD (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607),
NEXA MANSAROVAR (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), NEXA VKIA SIKAR ROAD (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), AJMER: NEXA MAKHUPURA (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), NEXA VAISHALI NAGAR (AJMER AUTO PH: 9694541201, 9314391004),
ALWAR: NEXA MANHAR VILLA (FORTUNE CARS PH: 7230029424), BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL (FORTUNE CARS PH: 9214794313), BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE (CHAMPION CARS PH: 8081133333), BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD (AURIC MOTORS PH: 7230081665),
JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL (AURIC MOTORS PH: 7412087314), JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), NEXA SHASTRI CIRCLE (AURIC MOTORS PH: 8875012697), PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801),
KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929),
BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH (AURIC MOTORS PH: 7412092301),
UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS (TECHNOY MOTORS PH: 8306300695), NEXA CENTRAL UDAIPUR (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), RAJSAMAND: NEXA RAJNAGAR (TECHNOY MOTORS PH: 9251988300),
DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
Creative visualisation. For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to Owner's manual. ^All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Consumer offers applicable for 2023 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.
*Claim Supported by independent research agency-JATO Dynamics Limited as on 13-September-2023. #Fuel efficiency as certified by test agency under Rule 115 of CMVR 1989. With Fuel Tank capacity of 45L, range is 1258.65 km (45L x 27.97km/l).